श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 185, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 31 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'दूसरे देशों की तुलना में भारत में बिजली वितरण क्षेत्र का घाटा डबल डिजिट में'

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे देशों की तुलना में भारत में बिजली की बबार्दी का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे वितरण क्षेत्र का घाटा डबल डिजिट में है, जबकि दुनिया के विकसित देशों में ये सिंगल डिजिट में है। इसका मतलब ये है कि हमारे यहां बिजली की बबार्दी बहुत है और इसलिए बिजली की डिमांड पूरी करने के लिए हमें जरूरत से कहीं अधिक बिजली पैदा करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि देश को ये जानकर हैरानी होगी कि अलग-अलग राज्यों का एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। प्रधानमंत्री ने राज्यों से बिजली का बकाया शीघ्र चुकाने की सलाह देते हुए कहा कि राज्य सरकारों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि जब देशवासी ईमानदारी से अपना बिजली का बिल समय पर चुकाते हैं, तब भी राज्यों का बार-बार बकाया क्यों रहता है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ह्लउज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य - शक्ति@2047ह्व कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्यों पर बकाया धनराशि का जिक्र करते हुए आगे कहा कि ये पैसा उन्हें पावर जेनरेशन कंपनियों को देना है। बिजली वितरण कंपनियों का अनेक सरकारी विभागों पर, स्थानीय निकायों पर भी 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक बकाया है। अलग-अलग राज्यों में बिजली पर सब्सिडी का जो कमिटमेंट किया गया है, वो पैसा भी इन कंपनियों को समय पर और पूरा नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया कि ये बकाया भी 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। यानी बिजली बनाने से लेकर घर-घर पहुंचाने तक का ज़िम्मा जिनका है, उनके लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों द्वारा इस चुनौती का उचित समाधान तलाशना आज समय की मांग है। देश के तेज विकास के लिए बहुत जरूरी है कि पॉवर और एनर्जी सेक्टर का इंफ्रास्ट्रक्चर हमेशा मजबूत रहे, हमेशा आधुनिक होता रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिजली की बचत पर जोर देते हुए कहा कि ये भविष्य सजाने जैसा है। पीएम कुसुम योजना इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। इसके तहत सरकार किसानों को सोलर पंप की सुविधा दे रही है, खेतों के किनारे सोलर पैनल लगाने में मदद की जा रही है। देश के सामान्य लोगों का बिजली का बिल कम करने में उजाला योजना ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि घरों में एलईडी बल्ब की वजह से हर साल




गरीब और मध्यम वर्ग के बिजली बिल में 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बच रहे हैं। ये रणनीति तात्कालिक रूप से अच्छी राजनीति लग सकती है। मोदी ने कहा कि आज के नए भारत में गांवों में लोग बिजली का उत्पादन कर सकें, इस दिशा में काम हो रहा है। आज का ये कार्यक्रम 21वीं सदी के नए भारत के नए लक्ष्यों और नई सफलताओं का प्रतीक है। आजादी के इस अमृत काल में भारत ने अगले 25 वर्षों के विजन पर काम करना शुरू कर दिया है। अगले 25 वर्षों में भारत की प्रगति को गति देने में एनर्जी और पॉवर सेक्टर की बहुत बड़ी भूमिका है। एनर्जी सेक्टर की मजबूती इज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए भी जरूरी है और इज ऑफ लिविंग के लिए भी उतनी ही अहम है। आज हजारों करोड़ रुपयों के जिन प्रोजेक्ट की शुरूआत और लोकार्पण हुआ है, वो भारत की ऊर्जा सुरक्षा और ग्रीन फ्यूचर की दिशा में एक अहम कदम है। हाइड्रोजन गैस से देश की गाड़ियों से लेकर देश की रसोई तक चलें, इसको लेकर बीते वर्षों में बहुत चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि आज इसके लिए भारत ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। लद्दाख और गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन के दो बड़े प्रोजेक्ट पर आज से काम शुरू हो रहा है। लद्दाख में लग रहा प्लांट देश में गाड़ियों के लिए ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा। ये देश का पहला प्रोजेक्ट होगा जो ग्रीन हाइड्रोजन आधारित ट्रांसपोर्ट के कमर्शियल इस्तेमाल को संभव बनाएगा। देश में पहली बार गुजरात में पाइप नेचुरल गैस में ग्रीन हाइड्रोजन की ब्लेंडिंग का भी प्रोजेक्ट शुरू हुआ है।


### भारोत्तोलक संकेत सरगर ने भारत को दिलाया पहला पदक, 55 किग्रा वर्ग में कुल 248 किलो वजन के साथ जीता रजत पदक

## कॉमनवेल्थ गेम्स: भारत को सिल्वर, ब्रॉन्ज

**बर्मिंघम:** तीन बार के राष्ट्रीय चैंपियन और पिछले साल दिसंबर में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता, भारोत्तोलक संकेत सरगर ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पुरुषों की 55 किग्रा भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीता। वह केवल 1 किलो से स्वर्ण पदक से चूक गए। संकेत ने 248 किग्रा (स्नैच में 113 और क्लीन एंड जर्क में 135 किग्रा) का संयुक्त वजन उठाया। संकेत ने अपने दूसरे क्लीन एंड जर्क प्रयास में 141 किग्रा भार उठाते समय खुद को घायल कर लिया और बार उठाने में विफल रहे, जिसके कारण वह केवल 1 किलो भार से स्वर्ण जीतने से चूक गए। मलेशिया के बिन अनीक ने स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। अनीक ने कुल 249 क्रिग्रा (स्नैच में 107 और क्लीन एंड जर्क में 142 किग्रा) का वजन उठाया। श्रीलंका के दिलंका ईशुरू कुल 225 किग्रा (स्नैच -105 किग्रा और क्लीन एंड जर्क-120 किग्रा) के बार के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के संकेत सरगर ने अच्छी शुरूआत की जिन्होंने स्नैच में अपने दूसरे प्रयास में 107 किग्रा भार उठाया। उनके बाद मलेशिया के बिन अनीक ने भी 107 किग्रा वजन उठाया। हालांकि संकेत ने दूसरी लिफ्ट में 111 किग्रा भार उठा लिया, जबकि अनीक स्नैच में 111 किग्रा के अपने दूसरे प्रयास में विफल रहे।

वहीं, श्रीलंका के दिलंका ने 112 किग्रा बार उठा कर संकेत को चुनौती दी। हालांकि संकेत अपने अंतिम प्रयास में 113 किग्रा भार उठाकर स्नैच राउंड में शीर्ष पर रहे।






**संकेत ने अपना पदक भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को किया समर्पित:** राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत को पहला पदक दिलाने वाले भारोत्तोलक संकेत सरगर ने अपना पदक भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित किया है।

### ट्रक ड्राइवर के बेटे ने जीता ब्रॉन्ज



**बर्मिंघम:** कहते हैं कि अभाव कई बार कुछ बड़ा करने की प्रेरणा देता है। इस कथन को सच कर दिखाया है ट्रक ड्राइवर के बेटे गुरुराजा पुजारी ने। उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को दूसरा मेडल दिलाया है। वेटलिफ्टर गुरुराजा ने मेंस 61 ङ्क्ष कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। गोल्ड मलेशिया के अजनील मोहम्मद ने और सिल्वर पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने जीता है। नहीं होते थे डाइट और सप्लीमेंट्स के लिए पैसे गुरुराजा का जन्म 15 अगस्त 1992 को कर्नाटक के उडीपी जिले के कुंडापुरा गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम महाबाला पुजारी है जो एक ट्रक ड्राइवर हैं। गुरुराजा पांच भाइयों में सबसे छोटे हैं। पी गुरुराजा का बचपन काफी अभावों में बीता, लेकिन इस वजह से खेल के प्रति उनका लगाव कभी कम नहीं हुआ।

पिता ने कर्ज लिया, ताकि गुरुराजा की ट्रेनिंग में बाधा न आए। गुरुराजा ने 2010 में वेटलिफ्टिंग करियर शुरू किया था। उन्हें शुरू में कई परेशानियां आईं। वेटलिफ्टिंग जैसे खेल में डाइट और सप्लीमेंट्स की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसके लिए उनके पास पैसे नहीं होते थे।

## चालीस फीसदी ऑनलाइन पेमेंट भारत में होता है: मोदी

**नई दिल्ली:** भारत में पहली बार हो रहे ऑल इंडिया डिस्ट्रिक लीगल सर्विस अर्थोरिटी मीट में भाग लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। यह पहला मौका था जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीफ जस्टिस एनवी रमना ने एक साथ कोई मंच शेयर किया हो। मोदी ने कहा- हमारे गांव-गांव में लोग ऑनलाइन पेमेंट को प्राथमिकता दे रहे हैं। दुनिया का चालीस फीसदी ऑनलाइन पेमेंट भारत में होता है। इसमें हम सबसे आगे हैं। मोदी ने अपना भाषण श्लोक सुनाकर शुरू किया। वे बोले-



अङ्गेन गात्रं नयनेन वक्त्रं न्यायेन राज्यं लवणेन भोज्यं। यानी जिस तरह विभिन्न अंगों से शरीर की, आंखों से चेहरे की, नमक से भोजन की सार्थकता पूरी होती है, वैसे ही न्याय से शासन की सार्थकता होती है। हमारे देश सामान्य से सामान्य व्यक्ति को यह विश्वास है।

## पंजाब में स्वास्थ्य मंत्री के रवैये पर बवाल

**चंडीगढ़:** पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा के रवैये पर बवाल हो गया है। शुक्रवार को गंदे-फटे गद्दे पर लिटाने से आहत बाबा फरीद मेडिकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. राज बहादुर ने आधी रात को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सीएम भगवंत मान को इस्तीफा भेज दिया। इसके बाद अमृतसर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव देवगन, मेडिकल सुपरिनटेंडेंट डॉ. केडी सिंह और वीसी के सेक्रेटरी ओपी चौधरी ने भी इस्तीफा दे दिया। हालांकि, उन्होंने इसकी वजह निजी कारण बताए हैं।

## अर्पिता से जुड़ी 8 कंपनियों के बैंक खाते फ्रीज

### ईडी हिरासत में पार्थ चटर्जी का खुलासा



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच में जुटी ईडी ने शनिवार को पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी के करीबी अर्पिता मुखर्जी से जुड़ी 8 कंपनियों के बैंक खाते को फ्रीज कर दिया है। 7वें दिन के पूछताछ में पार्थ ने घोटाले में खुलासा करते हुए कहा कि नेताओं के कहने पर नौकरियां दीं। ईडी सूत्रों के मुताबिक शनिवार को अर्पिता और पार्थ को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जाएगी। अर्पिता के घर 28 जुलाई को छापेमारी के दौरान ईडी को करीब 28 करोड़ कैश मिले थे। उधर, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के घर के सामने प्रदर्शन कर रहे कैंडिडेट्स को पुलिस ने हटा दिया है। कैंडिडेट्स अभिषेक से मिलना चाहते थे। पुलिस उन्हें सुबह से हटने का कह रही थी। वो नहीं हटे तो बलपूर्वक हटाया गया। **पेंटहाउस के बारे में जानकारी मिली, 2 फ्लैट भी:** ईडी सूत्रों के अर्पिता के जिस फ्लैट से 22 करोड़ रुपए कैश मिले थे, उस सोसाइटी में पार्थ ने अलग-अलग नामों से एक पेंटहाउस और दो फ्लैट्स खरीद रखे हैं। छापेमारी के बाद सोसाइटी के ऐप से इन फ्लैट्स के बारे में जानकारी हटा दी गई है। आनंदबाजार पत्रिका ने सोसाइटी में रहने वाले लोगों के हवाले से बताया कि मकान के 19वीं और 20वीं मंजिल पर दो फ्लैट्स हैं, जबकि सबसे ऊपर पेंटहाउस बनाया गया है। रहवासियों ने बताया कि पार्थ कभी-कभी इस पेंटहाउस में आते थे।

## देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने की जिम्मेदारी युवाओं की: बिरल

**नई दिल्ली:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने की जिम्मेदारी युवाओं की है। हमारे लोकतांत्रिक देश में हम किस तरीके से देश के अंदर बदलाव लाएं, देश की उन्नति के भागीदार बने, यह जिम्मेदारी भी युवाओं की है। यहां रामजस कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि आज देश के युवाओं को हमारे महापुरूषों के विचारों को समझने की आवश्यकता है। देश की आजादी की लड़ाई उन्होंने जिन सपनों के साथ लड़ी थी, उन सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी देश के युवाओं पर है। आजादी का अमृत महोत्सव का जिक्र करते हुए, बिरला ने कहा कि इन 75 वर्षों में भारत ने प्रगति की नई ऊंचाई छुई है। देश की प्रति युवाओं की जिम्मेदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बिरला ने कहा कि सिर्फ वोट डालने से लोकतांत्रिक जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती।

### मुंबई से राजस्थानियों-गुजरातियों को निकाल दो तो यहां पैसा नहीं बचेगा; विपक्ष ने कहा- यह मराठियों का अपमान

## महाराष्ट्र के राज्यपाल के बयान पर विवाद

**मुंबई:** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की मुंबई को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद शुरू हो गया है। मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने मुंबई के आर्थिक राजधानी होने का क्रेडिट यहां रहने वाले राजस्थानियों और गुजरातियों को दिया था। कार्यक्रम में कोश्यारी ने शुक्रवार को कहा था, 'कभी-कभी मैं यहां के लोगों से कहता हूं कि महाराष्ट्र से, विशेषकर मुंबई और ठाणे से गुजरातियों और राजस्थानियों को निकाल दो तो तुम्हारे यहां कोई पैसा बचेगा ही नहीं। ये आर्थिक राजधानी



कहलाएगी ही नहीं।'

उनका यह बयान महाराष्ट्र की सत्ता में पक्ष और विपक्ष दोनों को ही नागवार गुजरा है। संजय राउत ने कोश्यारी के बयान पर शिंदे गुट को घेरा है। उन्होंने कहा है कि कोश्यारी ने मराठियों को भिखारी बता दिया है, ऐसे में उट शिंदे को एक्शन लेना चाहिए। वहीं, शिंदे गुट ने भी कोश्यारी के इस बयान को राज्य का अपमान बताया है। उद्धव और राज ठाकरे ने भी कोश्यारी के बयान पर प्रतिक्रिया दी है।

**राउत बोले- शिंदे गुट चुप बैठता है तो शिवसेना का नाम न ले:** राज्यसभा सांसद संजय राउत ने ट्वीट किया कि महाराष्ट्र में भाजपा समर्थित मुख्यमंत्री होते ही मराठियों और छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान शुरू हुआ। स्वाभिमान और अपमान के मुद्दे पर अलग हुआ गुट अगर इस पर चुप बैठता है तो शिवसेना का नाम न ले।

### दोनों सदनों में 120 घंटे की जगह 26.8 घंटे काम हुआ, सिर्फ दो बिल पास

## संसद में 10 दिन में टैक्सपेयर्स के 100 करोड़ खर्च

**नई दिल्ली:** संसद का मानसून सत्र हंगामे के कारण चल ही नहीं पा रहा है। 18 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र के पहले दो हफ्तों में कभी विपक्ष तो कभी सत्ता पक्ष के हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा और राज्यसभा में इन दो हफ्तों में 60-60 घंटे यानी 120 घंटे काम होना था, लेकिन लोकसभा 15.7 घंटे और राज्यसभा में 11.1 घंटे यानी कुछ 26.8 घंटे ही काम हुआ। मानसून सत्र में सरकार ने दोनों सदनों में 32 बिल पेश करने का ऐलान किया था। अब तक टैक्सपेयर के करीब 100 करोड़ रुपए खर्च होने के बावजूद सिर्फ दो ही बिल पास हो पाए हैं। ये दोनों ही बिल लोकसभा से पास हुए हैं। राज्यसभा से एक



भी बिल पास नहीं हुआ है। 30 बिल अब भी बाकी हैं। मानसून सत्र में विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी और अग्निपथ के मुद्दे पर हमलावर रहा तो सत्ता पक्ष ने कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति पर दिए गए विवादित बयान पर हंगामा किया। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने राज्यसभा में कामकाज रोककर अग्निपथ पर चर्चा कराने के लिए नियम 267 के तहत स्थगन प्रस्ताव दिया, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हुई। हंगामों के बीच लोकसभा में अंटार्कटिका बिल और परिवार न्यायालय संशोधन बिल पास जरूर किया गया, लेकिन अन्य बिलों पर चर्चा ही नहीं हो सकी। राज्यसभा में एक भी बिल पास नहीं हुआ। ऐसे में दो हफ्ते में भारत के करदाताओं के 100 करोड़ रुपए बर्बाद हो गए।

**पहले जानिए 100 करोड़ कैसे बर्बाद हुए:** संसद में हफ्ते में पांच दिन काम होता है। रोज सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक सदन चलती है।

## कृषि अवसंरचना कोष से दूर हो रही हैं किसानों की बाधाएं : तोमर

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कृषि अवसंरचना कोष से किसानों की समस्याएं दूर हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने से उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया था जो अब सफलता के पायदान चढ़ रही है। तोमर ने शनिवार को इस महत्वाकांक्षी योजना में सफलतापूर्वक भागीदारी करने वाले बैंकर्स, राज्य सरकारों व अन्य संबंधित संस्थाओं को पूसा, नई




दिल्ली में पुरस्कृत करने के दौरान कहा कि देश में कृषि उत्पादकता बढ़े, कृषि निर्यात में महारथ हासिल कर सके, कृषि क्षेत्र रोजगार की उपलब्धता वाला हो और नई पीढ़ी को आकर्षित करने वाला हो, इसके लिए कृषि अवसंरचना कोष लाया गया है।

# ट्रैक्टर चालक की हत्या व लूट के वांछित अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** एक माह पहले मांडा जंगल में ट्रैक्टर चालक से साढ़े तेरह हजार लूटने के लिए चार साथियों ने ट्रैक्टर चालक की हत्या व लूट की थी । आलाकत्ल के साथ मुख्य आरोपी सहित तीन की मांडा पुलिस व एसओजी ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा । एक माह पूर्व एक जुलाई को रात साढ़े नौ बजे मांडा खास हाटा मार्ग के किमी तीन पर गेरुआडीह गाँव के सामने जंगल में ट्रैक्टर से ईंट बेचकर और विक्रय के साढ़े तेरह हजार रुपये लेकर लौट रहे मांडा थाना क्षेत्र के भौंसरा नरोत्तम गाँव निवासी अनिल कुमार तिवारी (30) की हत्या हो गयी थी । हत्या के बाद आईजी जोन डाक्टर राकेश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित, सीओ मेजा अमिता सिंह, इंस्पेक्टर मांडा अरुण कुमार ने पुलिस कर्मियों के साथ घटना की गहन जांच पड़ताल की थी । घटना के एक माह बाद शनिवार भोर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर प्रयागराज सीमा के पाली गाँव के सामने से पुलिस ने सचिन कुमार भारतीया निवासी चकिया, थाना जिगना, जनपद मिजार्पुर, गुलशन बिंद व लालचंद ऊर्फ रोहित बिंद निवासीगण बघेड़ा खुर्द मिसिर पट्टी, थाना जिगना जनपद मिजार्पुर को गिरफ्तार किया। पकड़े गये तीनों आरोपियों को जब थाने लाकर पुलिस ने कर्रा किया, तो अनिल तिवारी से लूट व हत्या के मामले को आरोपियों ने स्वीकार किया। आरोपियों द्वारा दिये गये जानकारी के आधार पर पुलिस ने बताया कि सचिन भारतीया, गुलशन बिंद, लालचंद व इनका फरार साथी आशीष कुमार एक ही होंडा स्पोर्ट बाइक से हाटा आर्केस्ट्रा देखने जा रहे थे । चारों साथियों गिरधरपुर के एक पेट्रोल पंप से अस्सी रुपये का पेट्रोल भी बाइक में डलवाया । चारों के पास कुल अस्सी रुपये ही थे । पेट्रोल डलवा कर जब वे मांडा खास हाटा मार्ग के जंगल में पहुंचे, तो सामने से दो ट्रैक्टर ईंट बेचकर लौट रहे थे । चारों साथी ट्रैक्टर से आगे निकल गये, लेकिन बाद में बिक्री किये ईंट के रुपये लूटने के लिए वापस लौटे। हाटा मांडा खास मार्ग बेहद खराब होने के कारण ट्रैक्टर धीरे धीरे जा रहे थे । पीछे का ट्रैक्टर अनिल तिवारी चला रहे थे। अनिल के ट्रैक्टर पर पीछे से ट्राली में गुलशन व आशीष चढ़े और ट्राली से ट्रैक्टर पर आ गये । रुपये की छीना झपटी में ट्रैक्टर गड्ढे में पलट गया, लेकिन कोई चुटहिल नहीं हुआ । अनिल रुपये नहीं दे रहा था, तो गुलशन ने अनिल के गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे अनिल बेहोश हो गया और उसके जेब से साढ़े तेरह हजार रुपये गुलशन व उसके साथियों ने निकाल लिया । रुपये निकाल कर चारों साथी हाटा जाने के बजाय अपने घर चले गये । आरोपियों को सुबह पता लगा कि अनिल की मौत हो गई थी, तो चारों महीने भर पुलिस से बचते व भागते रहे। एक माह तक पुलिस संदेह में तमाम लोगों को पूछताछ हेतु पकड़ती और छोड़ती रही । शनिवार सुबह एक ही बाइक से आ रहे तीनों साथियों को पाली गाँव के सामने जब पुलिस ने रोका, तो वे भागने लगे । थाने लाकर जब आरोपियों को पुलिस ने कर्रा किया, तो वे टूट गये और गेरुआडीह जंगल से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद करा दिया। घटना में प्रयुक्त तीनों के मोबाइल, बाइक व लूट के बचे 2450 रुपये भी पुलिस ने आरोपियों से बरामद किया। गिरफ्तारी में इंस्पेक्टर मांडा अरुण कुमार, निरीक्षक सुभाष सिंह यादव, वरिष्ठ दरोगा राम केवल यादव, एसओजी प्रभारी यमुनापार रणजीत सिंह, सिपाही राजकुमार प्रधान, सतीश चंद्र यादव, धर्मेंद्र कुमार, महिला सिपाही किरन, जीप चालक सिपाही महेश मौर्या आदि शामिल रहे।



पुलिस के गिरफ्त में हत्या के वांछित अभियुक्त

## खबर संक्षेप

### किशोरी का अपहरण कर दुराचार करने वाला आरोपी भेजा गया जेल

**मऊआइमा।** एक किशोरी को बीस दिन पहले एक युवक अपने सहयोगियों से मिल कर अपहरण कर ले गया था और निरंतर दुराचार करता रहा। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शेष की तलाश जारी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी17 वर्षीय पुत्री को एक युवक अपने सहयोगियों के साथ मिल कर 9 जुलाई को अपहरण कर ले गया । पुलिस ने विपिन कुमार, अश्वनी कुमार ,शिवा ,आशीष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने किशोरी और विपिन कुमार को बरामद कर लिया। जहां किशोरी ने दुराचार की बात बताई। पुलिस ने विपिन कुमार पुत्र अशोक कुमार सरोज ग्राम बासी थाना रानीगंज प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर धारा 363 ,366,376,506 ,पास्को एक्ट में जेल भेज दिया। जबकि सहयोगी अश्वनी कुमार ,शिवा, आशीष कुमार की तलाश जारी है।

## न्यूज झरोखा

### सड़क दुघर्टना में शिक्षक की मौत, परिजनों में कोहराम



**धनूपुर।** सरायचेचक देवकली हनुमानगंज के पास एक व्यक्ति जो कांवरिया वस्त्र में 29 जुलाई देर शाम को प्रयागराज से हंडिया की तरफ जा रहे थे लेकिन एक पैदल जा रहे व्यक्ति को बचाने के लिए अचानक असंतुलित होकर गिर पड़े सड़क पर गिरने के कारण गंभीर चोट आ गई। सूचना पर थाना सरायइनायत पुलिस ने प्राथमिक उपचार हेतु गामा अस्पताल में एडमिट कराया। स्थिति चिंताजनक होने के कारण डाक्टरों ने एसआरएन हॉस्पिटल प्रयागराज भेजवाया जहां उनका इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। आधार कार्ड मोबाइल फोन और पर्स मिला है आधार कार्ड के पते के आधार पर मालूम हुआ कि इनका नाम इंद्रमणि पांडेय उम्र 43 वर्ष पुत्र राजपति पांडेय निवासी ग्राम मिश्री केवाई बुजुर्ग थाना हंडिया जनपद प्रयागराज है। इनके घर वालों को थाना हंडिया के माध्यम से सूचना भेजवा दी गई परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इंद्रमणि पांडेय प्राथमिक विद्यालय बैजपुर, धनूपुर में शिक्षक पद पर कार्यरत थे एवं मानस पाठ के ज्ञाता थे।

### जरूरतमंद लोगों की मदद करने का लें अटूट संकल्प : विकास सोनी



**जसरा।** असहाय एवम जरूरत मंद लोगों की मदद करने से बड़ा दुनियाँ मे कोई भी पुण्य नहीं हैं इसलिए समाज के समृद्ध लोगों से अपील हैं कि जन्मदिन, शादी सालगिरह इत्यादि शुभ अवसरों पर जरूरत मंद लोगों की मदद करके मनाना चाहिए इससे पुण्य के साथ ही आत्मिक सुकून भी प्राप्त होता हैं उक्त बातें युवा समाजसेवी एवम स्वर्णकार युवा क्रांति के प्रदेश सचिव विकास सोनी नें शनिवार को अपने जन्मदिन पर तीन दर्जन से अधिक मेधावी एवम निर्धन विद्यार्थियों को कापी,पेन एवम स्टेशनरी सहित अन्य पाठय सामग्री भेंट करने के दौरान व्यक्त किये। आगे उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को अपने जन्मदिन पर कम से कम पाँच उन्नत किस्म के पौधों को लगाना चाहिए जिससे निकट भविष्य मे पर्यावरण मे बहुत ही सकारात्मक प्रभाव दिखेगा। आगे उन्होंने यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोले कि विगत आठ वर्षों से निरंतर वह अपने जन्मदिन को पौधे, कापी किताब आदि भेंटकर मनाते आये हैं। युवा समाजसेवी विकास सोनी इलाहाबाद से स्नातक की तालीम ग्रहण करने के साथ ही एन. सी. सी. कैडेट भी रह चुके हैं।

### वृक्ष की महत्ता कों शब्दों मे बयां करना बहुत ही मुश्किल



**जसरा।** वृक्ष धरा के आभूषण हैं।वृक्ष आजीवन प्रदूषण कों दूर करके प्राण वायु आक्सीजन प्रदान करते हैं। पेड़ फल-फूल, औषधि प्रदान करने के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा भी करते हैं इसलिए लोगों कों वृक्षारोपण एवम उनके संरक्षण के प्रति सजग रहना चाहिए उक्त बातें युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल नें क्षेत्र के पंवरी,गौहनिया, बुंदावा आदि ग्राम सभाओं मे युवाओं, ग्रामीणों के सम्बोधन मे व्यक्त किये। इस अवसर पर आम, अमरुद, नीम, कटहल, जामुन आदि पौधों कों रोपने के साथ ही ग्रामीणों मे वितरित भी किया गया। आगे पालीथीन के प्रयोग कों बंद करने की अपील के साथ उन्होंने जल संरक्षण, रक्तदान, बेटी बचाओं एवम बेटी पढ़ाओं इत्यादि सामाजिक विषयों पर भी जागरूक किया। उक्त अवसर पर सोनकरन विश्वकर्मा, हरिओम विश्वकर्मा, रिया विश्वकर्मा, प्रवीण पाल, अरुण कुमार, हरिनारायण आदि लोग मौजूद रहें।

### धूमधाम से मनाया गया विधायक का जन्मदिन



**प्रयागराज।** शहर उत्तरी के भारतीय जनता पार्टी के युवा विधायक श्री हर्षवर्धन बाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष में सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आज राज अंध विद्यालय मे पहुंच कर के लगभग 50 बच्चों को फल, चॉकलेट बिस्किट, नमकीन, के अलावा बच्चों के हाथों से केक कटवा कर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, आज के कार्यक्रम में प्रमुख अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर प्रभारी एवं अध्यक्ष सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल नीरज जायसवाल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रमेश केसरवानी, अमित सिंह , अनिल गुप्ता, आशुतोष कुमार सिंह, विशाल कनौजिया जे एस विरदी पंकज चौधरी अरविंद यादव, पवन जी श्रीवास्तव, रूपाली अवस्थी, पंकज जायसवाल, नारायण चतुर्वेदी, जे एस वृद्धि, सचिन निषाद के अलावा तमाम पदाधिकारी शामिल रहे।

### विद्यालय में दाखिला कराने का झांसा देकर व शादी का दबाव बनाकर युवती को बनाया बंधक

**मऊआइमा।** एक युवती को विद्यालय में दाखिला कराने का झांसा देकर।घर लाया गया और शादी करने का दबाव बना कर बंधक बना कर रखा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। । युवती किसी तरह मुक्त होकर घर पहुंची फिर मऊआइमा थाने आयी और दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है । प्रतापगढ़ के रानीगंज थाना क्षेत्र की संजना दूबे पुत्री अशोक कुमार का आरोप है कि उसे झांसा देकर दो लोग विद्यालय में दाखिला कराने की बात कह कर उसे चार पहिया वाहन से मऊआइमा के ग्राम पूरे भीखू में रखा गया । और घर लाकर उसे बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी देकर शादी का दबाव बनाने लगे। उक्त घटना 25 जुलाई की है। युवती किसी तरह बंधक से मुक्त हो कर घर पहुंची।और परिजनों को आप बीती बतायी। तथा शनिवार को मऊआइमा थाने आयी और मऊआइमा थाने में सत्यम दूबे और सत्यम दूबे के मौसी का लडका नाम अज्ञात निवासी ग्राम पूरे भिखू थाना मऊआइमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।



# छात्रों को जलनेति का कराया गया अभ्यास

अखंड भारत संदेश

**करछना।** देश योग चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विश्व जलनेति दिवस के पूर्व संध्या पर लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा में चैरिटेबल ट्रस्ट करछना शाखा अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्र की ओर से शनिवार को लोगों में जलनेति का अभ्यास कराया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षकों समेत विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की । साथ ही साथ लोगों में स्वास्थ्य संबंधी अनेक जानकारियां भी दी गई। देश योग चैरिटेबल ट्रस्ट शाखा करछना के अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि देश योग के माध्यम से शुगर भारत छोड़ो मोटापा भारत छोड़ो हृदय रोग भारत छोड़ो के साथ स्वास्तिक विचार एवं शरीर शोधन की क्रियाएं कराई जाती है। उन्होंने लोगों के स्वास्थ्य संबंधी अनेक जानकारियां हासिल कराते हुए कहा कि लोग नियमित दिनचर्या खान-पान व रहन-सहन पर विशेष ध्यान दें । इस अवसर पर अशोक कुमार मिश्र मनोज शंकर तिवारी संतोष कुमार शुक्ल सुधीर कुमार गुप्ता शांति प्रसाद विश्वकर्मा क्षितीश कुमार तिवारी अनिल कुमार भारती रमेश चंद्र रवि कुमार सुरेश सिंह राजेश कुमार पंकज कुमार मिश्रा सूर्य बली आदि शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी लोग मौजूद रहे।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में तीन पर केस , एक को भेजा जेल

**घूरपुर।** क्षेत्र के जमोली गांव में चार दिन पूर्व पेड़ में युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या मामले में मृतक की पत्नी की शिकायत पर घूरपुर पुलिस ने एक अज्ञात सहित तीन के खिलाफ आत्महत्या के लिये उकसाने व प्रताड़ित करने की धारा में केस दर्ज कर मुख्य आरोपी को शनिवार के दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घूरपुर थाना क्षेत्र के जमोली गांव निवासी ओम प्रकाश पांडेय (34) पुत्र हनुमान प्रसाद पांडेय गांव के बाहर स्थित एक आम के पेड़ में साड़ी के फंदे पर लटके हुए विगत मंगलवार की रात गंभीर हाल में मिले थे । मौके पर पहुंची पुलिस ने ओमप्रकाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था । घटना के बाद ही ओम प्रकाश के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस से शिकायत की थी । मृतक ओमप्रकाश की पत्नी अर्चना पाण्डेय ने बरामर गांव निवासी कपिल सिंह उर्फ बब्बन सिंह पुत्र गेंदा सिंह व आनंद प्रताप सिंह सहित एक अज्ञात के विरुध्द जबरन जमीन का बैनामा करने का दबाव व प्रताड़ित करने व आत्म हत्या करने के लिए उत्प्रेरित करने का आरोप लगाते हुए घूरपुर पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने उपरोक्त आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। और शनिवार के दिन आरोपित कपिल सिंह को पकड़ कर जेल भेज दिया।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला घायल

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के बारा खास तहसील मुख्यालय के गेट के सामने से गुजर रही राहगीर महिला को मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी जिससे एक महिला दो बच्चे जख्मी हो गए पिपराव की रहने वाली अनारा बेगम अपनी बहू एवम तीन पोतियों को लेकर बारा चौराहा से अपने घर के लिए पैदल जाने लगी महिला जैसे ही बारा तहसील मुख्यालय के गेट के पास पहुंची तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर महिला को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार भी गिर गया बाइक के नीचे महिला की दो पोतिया भी आ गई उनको मामूली खरोंच ही आई एवं महिला को भी चोट लग गई महिला बारा थाने पहुंच गई पीछे से मोटरसाइकिल सवार भी थाने पहुंच गया प्रभारी निरीक्षक थाना बारा कमलेश कुमार ने दोनों की आपसी सहमति से घायल महिला का इलाज करवा कर महिला को उसके घर पहुंचा दिया।

# रस्तीपुर गांव में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत रस्तीपुर गांव निवासी सुरेंद्र यादव उम्र 28 वर्ष पुत्र स्व. श्याम नारायण यादव की शनिवार को संदेहास्पद मौत हो गई। परिजन अंतिम संस्कार हेतु लाक्षाग्रह लेकर जा रहे थे कि किसी ग्रामीण ने डायल 112 पुलिस को सूचना दे दिया कि रस्तीपुर गांव में सुरेंद्र यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। परिजनों के अनुसार सुरेंद्र की मौत सर्पदंश से हुई है लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि सुरेंद्र ने भोर में उठकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सुरेंद्र दो भाईयों एवं दो बहनों में सबसे छोटा था। उसका और उसकी भाभी का मुंबई जाने का कार्यक्रम शाम को था लेकिन सुरेंद्र मुंबई जाने से पहले ही अपने जीवन की लीला को समाप्त कर लिया। डायल 112 एवं ग्रामीणों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सरायममरेज तरुणेंद्र त्रिपाठी द्वारा अंतिम संस्कार के लिए लेकर जा रहे शव को परिजनों से वार्ता कर-के शव को थाना सरायममरेज परिसर लाया गया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज भेज दिया गया। सुरेंद्र के पिता श्याम नारायण यादव का निधन दो वर्ष पूर्व एवं मां का निधन पिछले वर्ष अगस्त में हुआ था। दोनों भाई मुंबई में रहकर जीवकोपार्जन करते थे सुरेंद्र पिछले महीने गांव आया था और शनिवार को ही उसका और उसकी भाभी का मुंबई जाने का कार्यक्रम था बड़ा भाई इस समय मुंबई में है।

# मनमानी : तहसीलदार ने चकबंदी अफसर को सीमा विवाद रोकने का दिया आदेश

अखंड भारत संदेश

**ग्राम सभा अल्हवा और महुली सीमा पर मनमानी नाप जोख सीमांकन का आरोप, प्रधान अल्हवा ने सीमा पर चकबंदी वालों की मनमानी हदबंदी पर लगाई रोक**

**कोरांव।** तहसील कोराव के ग्राम सभा अल्हवा और महुली में चकबंदी विभाग के कार्यकताओं द्वारा अल्हवा ग्राम सभा के भू भाग में महुली ग्राम सभा के काश्तकारों से सांठ गांठ कर पूर्व में सिमांकित और भू नक्शे को नजरंदाज करके चक नापा जा रहा है। जिससे अल्हवा ग्रामसभा की अपूर्णनीय क्षति हो रही साथ ही भू विवाद उत्पन्न हो गया है। ऐसी स्थिति में ग्राम प्रधान अल्हवा भूमि प्रबंधक समिति अध्यक्ष ने अपनी ग्राम सभा में अन्य गांव के चक नापने कब्जा दखल कराने पर रोक लगा दिया है।

इस बाबत ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार ने डीएम,चकबंदी आयुक्त लखनऊ,एसडीएम कोरांव और तहसीलदार कोराव को लिखित प्रत्यावेदन दे कर हस्तक्षेप किए जाने की मांग किया है। बता दें कि दो वर्ष पूर्व ग्राम सभा अल्हवा में चकबंदी फाइनल हुई है। और इतने विवाद चकबंदी वालों ने पैसा ले ले कर पैदा कर दिया है कि कचहरी तहसील का प्रति दिन चक्कर काट रहे हैं। अभी लोग उक्त विवादों को भुला भी नहीं पाए कि महुली ग्राम सभा में चकबंदी चालू हो गई। और अब अंतिम स्टेज पर चक फाइनल हो रहा है। इसी में चकबंदी वालों में महुली के काश्तकारों से लंबी रकम ले ले कर मनमाने ढंग से भू अभिलेखों में दर्ज भूमि से अधिक क्षेत्रफल के नक्शे बढ़ा बढ़ा कर सीमांकित बार्डर को लांघ कर ग्राम सभा अल्हवा की भू भाग में चक बइठाल दिए हैं। और लोग अल्हवा की सीमांकन को नस्ट करते हुए अल्हवा के काश्तकारों की जमीनों में जोताई बुआई शुरू कर दिए हैं। जिससे दोनों गांवों के काश्तकारों के मध्य खून खराबा हो सकता है। ग्राम प्रधान अल्हवा ने बताया यही चकबंदी वाले दो साल पूर्व अल्हवा की चकबंदी किए सीमांकन किए और अब यही चकबंदी वाले महुली अल्हवा की बॉर्डर पर बिना किसी जिम्मेदार अधिकारियों की तथा दोनों गांव के प्रधानों लेखपालों कानूनगो की मौजूदगी में सीमा चिन्हित किए अल्हवा के भू अभिलेख और बने नक्शे को दर किनार कर कैसे नाप जोख और कब्जा दखल दिला रहे। ग्राम प्रधान शहजादे ने महुली ग्राम सभा के किसानों को मनमानी नाप जोख के आधार पर अल्हवा की जमीनों पर कब्जा किए जाने तथा चकबंदी कताओं के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की। जिस पर तहसीलदार कोरांव अनिल कुमार वर्मा ने नायब चकबंदी कोरांव लेखपाल चकबंदी को बुला कर तुरंत मनमानी नाप जोख रोकने साथ ही दोनो गांवों के मध्य सीमा पर जिम्मेदार अफसरों कर्मियों दोनों गांवों के जन प्रतिनिधियों आदि की मौजूदगी में सीमांकन किए जाने का निर्देश दिया। प्रधान का कथन है कि महुली की भू भाग की भूमि दूसरे ग्राम सभा के भू भाग में कैसे चक बैठाले जा रहे। किसानों की जमीनें अधिक हों या कम, वो सिर्फ अपने महुली ही ग्राम सभा में कब्जा दे सकते हैं। तहसीलदार कोरांव ने कहा कि एक ग्राम सभा की भूमि दूसरे ग्राम सभा में कैसे नाप जोख और चक काटा जा सकता है। यह अनुचित है। इसके पूर्व एसडीएम योगेंद्र सिंह ने भी सीओ चकबंदी को आदेशित उक्त संदर्भ में किया है। पत्र प्रतिनिधि से वार्ता के दौरान तहसीलदार अनिल वर्मा ने कहा प्रयास होगा की जनता दुखी न हो। किसी के साथ अन्याय जुल्म मनमानी नहीं चलने दी जाएगी।

# गांवों के तलाबों पर दबंग कर रहे अवैध कब्जा





अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में गांव के दबंग लोग सरकारी तलाबों को कर रहे कब्जा। सरकार गिरते जलस्तर को लेकर भले ही चिंतित है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी तालाबों पर हो रहे अवैध कब्जों को नहीं रोक पा रहे हैं। मेजा क्षेत्र बड़ी संख्या में ऐसे तालाब हैं जिनका अस्तित्व ही खत्म हो चुका है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार किया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। तालाबों पर अवैध कब्जा करने का सिलसिला निरंतर जारी है अवैध कब्जे को रोकने के लिए अधिकारी भी प्रयास नहीं कर रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण कब्जोंदारों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि तालाबों को फिर से पाटे जाने की कवायद जारी है। लोगों की मांग है कि तलाब को कब्जामुक्त कराकर इसका जीणोद्धार कराया जाए।तलाब के किनारे बसे लोगों पहले कूड़ा डालकर इस पर कब्जा कर लिया था। गांव के कुछ लोग विरोध किया लेकिन अब तक जिम्मेदारियों ने इसको लेकर कोई पहल नहीं कि। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई थी तलाब धीरे-धीरे पूरी तरह कब्ज का शिकार हो जाएगा और आने वाले समय मे तलाबों का कोई नामो-निशान नही रहेगा सिर्फ सरकारी कागजों में नाम अंकित रहेगा।

## संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न

**सहसों।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राजाराम तिवारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुलालपुर में शनिवार को गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि भगवा ध्वज के सामने अपने स्वार्थों की तिलांजलि देते हुए जो समर्पण किया जाता है वही सच्चा समर्पण होता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने अध्यक्षता करते हुए उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किए। इस कार्यक्रम में सह जिला संघचालक बद्री प्रसाद सिंह, भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष एवं भाजपा गंगापार के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह, रमेश चंद्र द्विवेदी , बृजेश कुमार त्रिपाठी सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी गण एवं आदि संघ के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# खाद्य नियंत्रक पद से सेवानिवृत्त विनोद सिंह की सम्मान पूर्वक हुई विदाई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संभागीय खाद्य नियंत्रक इलाहाबाद संभाग इलाहाबाद मे लेखा संवर्ग के आदरणीय बड़े भाई श्री विनय कुमार सिंह जी सहायक लेखाधिकारी जो राजकीय सेवा मे सम्मान पूर्वक कार्य करने के लिए तथा यथा समय सभी के प्राप्यो के लिए संवेदनशील सरल सहज मिलनसार कुशल दक्ष निपुण को सेवानिवृत्त होगे एक दिन पहले उनके सम्मान मे आयोजित विदाई समारोह मे उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एशोसियेशन परिवार के साथ उपस्थित होने का अवसर प्राप्त हुआ ईश्वर से प्रार्थना है सिंह सर स्वस्थ्य एवं चिरायु हो हम सबका मार्गदर्शन भविष्य में भी करते रहे इसमौके पर अल्प नारायण सिंह अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन जनपद ईकाई प्रयागराज राग विराग त्रिपाठी अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कमल श्रीवास्तव अध्यक्ष विकास भवन



कर्मचारी महासंघ आर एफ सी नरेंद्र कुमार लेखा अधिकारी विपुल सिंह संजय सिह विपीन तथा बडी संख्या मे लेखाकार राजकुमार आशुतोष चौधरी रविन्द्र वर्मा दिनेश कुमार अमित श्रीवास्तव प्रशान्त अबरार सौरभ गुप्ता राहुल शुक्ला आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### युवक को मार पीट कर किया जख्मी , मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मानसिक रूप से कमजोर युवक को अनायास मार पीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया।पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे फौजशाह निवासी कमलेश कुमार पांडेय पुत्र विश्वनाथ का आरोप है कि उसका भतीजा हृदय शंकर दिमागी रूप से कमजोर है । वह एक दुकान पर खडा था। आरोप है कि अनायास उसे मार पीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। कमलेश कुमार पांडेय ने मऊआइमा थाने में सुभम पांडेय, विजय पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### क्षेत्राधिकारी ने किया रुट निरीक्षण

**नैनी।** क्षेत्र में आज क्षेत्राधिकारी श्री राजेश कुमार यादव ने नैनी क्षेत्र में जगह-जगह से उठने वाले ताजिया का रुट का निरीक्षण किया और ताजिया दारू से बात की किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो थाना नैनी को सूचित करें इस मौके पर नैनी थाना निरीक्षक मोहम्मद अली एस एस आई अजय कुमार सिंह जेल रोड चौकी इंचार्ज सुमित त्रिपाठी और एसपीओ यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक अशीष जयसवाल मौजूद रहे।

# पूर्व बाहुबली सांसद अतीक अहमद के 50 हजार के इनामी बेटे अली ने किया सरेंडर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गुजरात के साबरमती जेल में बंद माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद ने शनिवार को सरेंडर कर दिया है ।अली ने जिला न्यायालय में अपने वकीलों के साथ सरेंडर किया है। अली प्रॉपर्टी डीलर से रंगदारी मांगने के मामले में फरार चल रहा था. जिसके बाद पुलिस ने अली की गिरफ्तारी पर पचास हजार का इनाम घोषित किया था।

**कोर्ट ने खारिज की अली अहमद की जमानत अर्जी** : बता दें कि हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में अली अहमद की तरफ से अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की गई थी, लेकिन कहीं से राहत नहीं मिली। पुलिस ने अली अहमद की तलाश में यूपी समेत दूसरे राज्यों में भी छापेमारी की कार्रवाई की थी, लेकिन गिरफ्तार करने में नाकाम रही। जिसके बाद आज चकमा



आत्मसमर्पण के बाद कोर्ट परिसर से बाहर निकलते अली अहमद

देकर अली अहमद ने अपने वकीलों के साथ जिला न्यायालय में सरेंडर कर दिया। सरेंडर के बाद कोर्ट ने अली अहमद को न्यायिक हिरासत में लेकर नैनी जेल भेजने का आदेश दिया है। अली की तरफ से कोर्ट में जमानत अर्जी भी दाखिल की गई, जिसे अर्जी खारिज कर दिया गया। दरअसल, अतीक अहमद के छोटे बेटे अली पर प्रयागराज के प्रॉपर्टी डीलर जीशान अहमद उर्फ जानू के साथ मारपीट और 5 करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप है। इस मामले में दिसंबर 2021 में अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही अली फरार चल रहा था। फरवरी महीने में प्रयागराज पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तारी नहीं होने पर इनाम की राशि बढ़ाकर 50000 कर दी गई थी।बता दें कि अतीक अहमद का बड़ा बेटा मोहम्मद उमर अहमद भी फरार चल रहा है। उमर अहमद पर लखनऊ के प्रॉपर्टी डीलर मोहित जायसवाल को लखनऊ से अगवा कर देवरिया जेल ले जाकर पीटने का आरोप है। उमर के खिलाफ साल 2018 में लखनऊ के कृष्णा नगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें माफिया अतीक अहमद समेत अन्य भी आरोपी हैं। लखनऊ में मुकदमा दर्ज होने के बाद से उमर फरार चल रहा है। सीबीआई पिछले तीन सालों से उसकी तलाश कर रही है। बता दें कि सीबीआई ने उमर की गिरफ्तारी पर दो लाख का इनाम रखा है।

### बेली हॉस्पिटल में कर्मचारियों ने 1 घंटे काम का किया बहिष्कार

#### सैलरी न मिलने से नाराज हैं कर्मचारी

**प्रयागराज।** आउटसोर्सिंग के कर्मचारी और नर्सों ने तेज बहादुर सप्रू अस्पताल बेली में शनिवार को 1 घंटे तक कार्य बहिष्कार किया।अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरवाइजर यानी सीएमएस कक्ष के बाहर धरने पर बैठ गए। इन कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें 4 माह से सैलरी नहीं मिल रही है जब भी हम लोग उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत करते हैं तो सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है। सभी ने सीएमएस डॉ शारदा चौधरी को ज्ञापन भी दिया। सीएमएस ने आश्वासन दिया कि उनकी सैलरी जल्द मिलेगी इसके लिए संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों को पत्र लिखेंगे।

**एक्सपीरियंस लेटर ना मिलने पर नाराजगी** : आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने सीएमएस को ज्ञापन देकर एक्सपीरियंस लेटर न दिए जाने की बात कही कहा कि एन एच एम की ओर से सीएचओ के 5505 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति निकाली गई है आवेदन की अंतिम तारीख 9 अगस्त है । इस चयन में उन लोगों को वरीयता दी जाएगी जो कोविड महामारी में काम कर चुके हैं । नर्सों और कर्मचारियों का कहना है कि विभाग की ओर से उन्हें अनुभव प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है मांग की गई कि डिजिटल अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान किया जाए । सीएमएस के आश्वासन के बाद सभी अपने काम पर वापस लौटे।

## न्यूज झरोखा

### लोक कलाकार हमारी परंपरा और संस्कृति के संवाहक : डॉ पाण्डेय

#### लोकमंगल संस्थान में जुटे जमुनापार के कलाकार, कजरी गीतों ने बांधी समां





**करछना।** शनिवार को लोक मंगल संस्थान रामपुर में जुटे जमुनापार के लोक कलाकारों ने आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में कजरी गीत प्रस्तुत करते हुए शहीदों को नमन कर उनके शौर्य का बखान किया।मोहन पांडेय द्वारा प्रस्तुत मातृ वंदना के उपरांत सत्यवान सत्यार्थी ने प्रस्तुत गीत पर खूब समां बांधी। उन्होने गाया-आजादी के अमृत महोत्सव मना ल,जवनवा उठा अब वतनवा बचा ल।लोक कलाकार रामबाबू यादव और साथियों ने तिरंगा तीन रंग का सारे जग में आला बा,झूमि रहा मतवाला बा ना।वरिष्ठ लोक कलाकार श्यामलाल बेगाना ने इ तिरंगा हमरे देशवा क शान और चाही भइया रहइं,चाही जाइ हो,सवनवा में न जाबइ ननदी जैसे गीतों पर खूब तालियां बटोरी तो वही सांस्कृतिक केंद्र के कलाकार त्रिभुवन नाथ गौड ने हमरे देशवा में देश के रतनवा ना जैसे कजरी गीत प्रस्तुत करते हुए शहीदों के शौर्य का बखान किया।सबरेज अहमद द्वारा प्रस्तुत कजरी गीत के उपरांत मोनू मस्ताना ने कजरी और पूर्वी गीतों पर खूब समां बांधी।लोक कलाकारों की प्रशंसा करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ.भगवत पांडेय ने कहा कि कलाकारों ने मौसमी गीतों में देश की आनबान और शहीदों की शौर्य गाथा का जो बखान किया है निश्चित रूप से आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान पूरे समाज को अपने अमर शहीदों के प्रति समर्पण की भावना से प्रेरणा और देश भक्ति का संदेश देता है।संस्थान द्वारा अनवरत कलाकारों का अभिनंदन करते हुए यह अलख आगे भी जगाई जाती रहेगी।प्राचार्य लोक कवि राम लोचन सांवरियां ने कहा कि संस्थान के माध्यम से अपने नये पुराने लोक कलाकारों को एकजुट कर अपने संस्कार और परंपराओं से जुड़े गीतों की सर्जना का यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा।अध्यक्षता योगेन्द्र मिश्र और संचालन गीतकार राजेंद्र शुक्ल ने किया।इस मौके पर मोहिनी श्रीवास्तव, कृष्णाकांत निषाद,श्यामजी यादव,रामबाबू पाल,वेद श्रीवास्तव,समोधी प्रसाद निषाद,रणजीत सिंह,दयाशंकर,रमाशंकर गौड़,राम भवन,सूर्यभान यादव,दिनेश कुमार,वीरेंद्र कुमार,दिलीप सिंह,विजय पाल,अतुल तिवारी,रजत मिश्रा समेत संगीत प्रेमी,समाजसेवी,प्रवुद्धजन मौजूद रहे।

### काशी विश्वनाथ जा रहे संगम में शिव भक्तों का हुआ स्वागत



**झूंसी।** प्रयागराज से गंगाजल भरकर वाराणसी काशी विश्वनाथ जाभिषेक के लिए जा रहे शिव भक्तों की सेवा में लोग लगे हुए हैं जीटी रोड पर जगह जगह कावड़ियों के रहने, खाने, जलपान का प्रबंध समाजसेवियों द्वारा किया गया है हलाकि वह की गई सुविधावों का लाभ कम ही ले रहे है। शनिवार को जीटी रोड पर झूंसी त्रिवेणीपुरम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवनारायण यादव उर्फ घुन्नु के नेतृत्व में कांवरियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था इस दौरान काशी विश्वनाथ जलाभिषेक के लिए जा रहे कांवरियों को रोक रोककर विजय ग्रुप हॉकी एकेडमी के खिलाड़ियों के साथ व्यवस्था में लगे लोग कांवरियों का स्वागत कर उनमे भण्डारे का प्रसाद वितरण के साथ जलपान करा रहे थे साथ ही उनपर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत अभिनन्दन किया गया।

# संदिग्ध दशा में युवक की मौत

## परिजनों के अनुसार सांप के काटने से हुई युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** फूलपुर के एक गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार के लिए ले कर जाने लगे लेकिन किसी ग्रामीण ने डायल 112 पुलिस को सूचना दे दी की रस्तीपुर गांव में सुरेंद्र यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है । परिजनों के अनुसार सुरेंद्र की मौत सांप के काटने से हुई है लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि सुरेंद्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है सुरेंद्र दो भाइयों एवं बहनों में सबसे छोटा था । उसका और उसकी भाभी का मुंबई जाने का कार्यक्रम शाम को था लेकिन सुरेंद्र की मुंबई जाने से पहले ही मौत हो गई है।

**अंतिम संस्कार करने से पुलिस ने रोका, पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

पुलिस चौकी जंघई इंचार्ज सुधीर पांडे ने बताया कि डायल 112 एवं ग्रामीणों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सराय ममरेज अरुणेंद्र त्रिपाठी द्वारा अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे हैं बॉडी को थाना सराय ममरेज परिसर लाया गया है और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज भेज दिया गया है।

**मृतक के माता-पिता का हो चुका है निधन**

मृतक सुरेंद्र के पिता श्याम नारायण यादव का निधन 2 वर्ष पूर्व एवं मां का निधन पिछले वर्ष अगस्त में हुआ था दोनों भाई मुंबई में रहकर अपना खर्चा चलाते थे सुरेंद्र पिछले महीने गांव आया था और शनिवार को ही उसका और उसकी भाभी का मुंबई जाने का कार्यक्रम था बड़ा भाई इस समय मुंबई में ही है।



घटना के बाद मृतक के रोते बिलखते परिजन

### क्रास चेकिंग में औचक निरीक्षण करने पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी होलागढ़

**सोरांव।** सोरांव ब्लॉक अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवगढ़ प्रथम में शनिवार को औचक निरीक्षण करने पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी होलागढ़ लालजी शर्मा द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों का द्वारा लगाए गए पौधों का वीडियो भी बनाएं। इतना ही नहीं ढोल और नगाड़े की टंकार और म्यूजिक पर हो रहा शारीरिक व्यायाम (पीटी) भी देखें। तथा देखकर बहुत ही प्रसन्न हुए। तथा प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह को इस कार्य के लिए सराहना भी किया। इतना ही नहीं विद्यालय में दीवारों पर बने शैक्षिक चित्रों को देखकर सभी शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिए। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह संग उनके सहायक अध्यापिका यासमीन बानो, संगीता, अर्चना व अनामिका संग सहयोगी शिवमूरत यादव भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ दोपहर में क्रास चेकिंग करने उसरही प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचे प्रतापपुर के खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी बच्चों संग अध्यापकों को कक्षा वार पाकर बहुत ही खुश हुए। और विद्यालय में लगाए गए पौधों का निरीक्षण कर फोटो भी खींचे। इस अच्छे कार्य के लिए प्रधानाध्यापिका की सराहना भी किए। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका किरण पांडे, पूजा अग्रवाल व रेनू यादव संग सचिव नरेंद्र सिंह ग्राम प्रधान पति अवधेश कुमार कुशवाहा,भी मौजूद रहे।





स्कूलों का निरीक्षण करते खंड शिक्षा अधिकारी

### सपा विधायक विजमा यादव के बेटे को जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा की विधायक विजमा यादव के बेटे को जान से मारने की धमकी दी गई। इससे हड़कंप मच गया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।बदमाशों ने विधायक को पत्र भेजकर धमकी दी है। पत्र में उनके बेटे की हत्या की धमकी दी गई है। पत्र के आधार पर विजमा यादव ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। बता दें कि विजमा यादव का निवास शहर के अशोक नगर इलाके में है।

# जुआ खेलते हुए तीन गिरफ्तार, चार का हुआ चालान

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने शनिवार को छापा मारकर जुआ खेल रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 1970 रुपये नगद और ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। इसके अलावा चार लोगों का शांतिभंग में चालान भी किया गया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी टीम के साथ नौढ़िया उपरहार में सार्वजनिक स्थल पर छापा मारा, जहां लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस को देख मौके पर भगदड़ मच गई। पुलिस टीम ने तीन लोगों को दौड़ाकर दबोच लिया। गिरफ्त में आए देशराज पुत्र अमरजीत ( निवासी नौढ़िया उपरहार), रामेश्वरप्रताप सिंह पुत्र स्व. जनार्दन सिंह और भूपेंद्र सिंह पुत्र बलिकरन सिंह (निवासी उपरोक्त) को मौके से गिरफ्तार कर लिया।तीनों लोगों के पास से कुल 1970 रुपये नगद और ताश के पत्ते बरामद हुए। तीनों का चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर सुमित कुमार वर्मा, एसआई प्रवेश कुमार यादव और कांस्टेबल अनीश कुमार शामिल रहे। दूसरी तरफ शंकरगढ़ थाने के सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह और उनकी टीम ने लाल बहादुर पटेल पुत्र मनपूरन पटेल (निवासी अकौरिया), विनोद सिंह पुत्र लाल बहादुर पटेल (निवासी उपरोक्त), राजेश कुमार पुत्र रामगोपाल (निवासी सुरबल साहनी) और सुशीलकुमार पुत्र नचकऊ (निवासी उपरोक्त) का शांतिभंग में चालान किया है।


## उच्च प्राथमिक विद्यालय सरस्वतीपुर , वि0 खं0 कौड़िहार प्रथम जिला, प्रयागराज

**जर्जर भवन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय सरस्वतीपुर, विकास खंड कौड़िहार प्रथम, जिला प्रयागराज परिसर में स्थित चिन्हित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 08.08.2022 दिन सोमवार को समय अपराहन 2:00 बजे सुनिश्चित की गई है । इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय पर नीलामी में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

**इ. प्रधानाध्यापक**
**उ0 प्रा0 वि0 सरस्वतीपुर**
**कौड़िहार - प्रथम**
**जिला- प्रयागराज।**


### एडीजी को प्रबुद्ध फाउंडेशन ने डा. अम्बेडकर समाज सेवा सम्मान से किया सम्मानित

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामबृज गौतम के नेतृत्व में विभागवार अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रयागराज जोन प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक प्रेम प्रकाश से मिला। बहुजन समाज के अधिकारियों द्वारा बहुजन साहित्य, कला और संस्कृति के उन्नयन व विकास के लिए सतत किये जा रहे कार्यो के फलस्वरूप प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक प्रेम प्रकाश को प्रयागराज जनपद की समाजसेवी संस्था प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा शनिवार को डा. अम्बेडकर समाज सेवा सम्मान- 2022 के लिए चयनित कर सम्मानित किया गया। प्रतिनिधिमंडल में इंजी. जे.के. सिंह अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग प्रयागराज, डा. अर.बी. कमल मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज, डा. ए.के. प्रियदर्शी चिकित्साधिकारी पीएचसी भीटा, डा. राजेन्द्र कुमार चिकित्साधिकारी हाईकोर्ट पीएचसी, राजेश चौधरी सहा. लेखा परीक्षा अधिकारी उमरे, ब्रजेन्द्र बहादुर सहायक वित्त सलाहकार उमरे, अमर नाथ सहायक लेखाकार, उमरे, आर.के. विद्यार्थी सहा.लेखा परीक्षा अधिकारी एजीयूपी, गणेश राम एकाउंटेंट पीसीडीए पेंशन, एल.के. आहेरवार प्रधानाचार्य राष्ट्रीय शिशु मंदिर, मम्फोर्डगंज आदि सामिल रहे।



अंबेडकर समाज सेवा सम्मान से सम्मानित हुए एडीजी

# चित्रकूट व जौनपुर में धूमधाम से मनाया गया बिजली महोत्सव







**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम के तरफ से अजित बसक, महा प्रबंधक (प्रचालन), प्रदीप कुमार साबत,महा प्रबंधक (अनुबंध और सामग्री) अखिल केपी पटनायक, अपर महा प्रबंधक (मानव संसाधन), सी पी एस निरंजन, उप महाप्रबंधक (आर. एंड आर), मान सिंह, उप महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल ट ए डी), बृजेश सिंह,बरिष्ठ प्रबंधक (एम जि आर) एवं एल डी पाण्डे, उपप्रबंधक (आर एंड आर) कार्यक्रम में उपस्थित

**कार्यक्रम में श्रीमति सीमा द्विवेदी, व सांसद जौनपुर तथा आर. के. पटेल, सांसद चित्रकूट बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए**

रहे।आज के कार्यक्रम में मेजा ऊर्जा निगम के तरफ से जौनपुर में सभी सम्मानीय अतिथियों को स्मृतिचिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्रदान किया गया।बिजली महोत्सव केंद्र और राज्य दोनों सरकारों द्वारा विद्युत उत्पादन,पारेषण,वितरण व अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए विभिन्न सुधारों और प्रगति का लेखा जोखा तथा देश में ऊर्जा सुरक्षा के लिए भविष्य के पाठ्यक्रम को प्रदर्शित करने का एक मंच है। कार्यक्रम में चित्रकूट और जौनपुर में आम जनता व नीति निमार्ताओं को ऑडियो-विजुअल मीडिया, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, इन्फोग्राफिक्स प्रदर्शन के द्वारा घरेलू विद्युतीकरण, वन-नेशन-वन-ग्रिड, उपभोक्ता अधिकार, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति और लाभ , विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि आदि विषयों पर लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग के माध्यम से संवेदनशील और जागरूक किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बारा खास, वि0 खं0 जसरा, प्रयागराज

**पत्रांकः मेमो/मनरेगा/ राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/ नि0/2022.23 दिनांकः**

**(अल्पकालीन निविदा)**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/ योजनातर्गत वर्ष 2022 -23 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 30.07.2022 से दिनांक 13.08.2022 साय 4: 00 बजे तक निविदा, आमंत्रित की जाती हैं। दिनांक 13.08.2022 को सायकाल 4:30 पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा दाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

| क्र. | कार्या का विवरण | योजना/मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य (रू.में) | धरोहर राशि | आपूर्ति कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तहसील बारा के प्रांगण में कैंटीन का निर्माण कार्य | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 473000 | 500 | 10000 | 1 माह |

**सामान्य शर्तेः-**

(1) कार्य की संपूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है।
(2) निविदा दाता/ कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नंबर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा दाता कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा।
(3) निविदा धरोहर राशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ0डी0आर/एन0एस0सी0 जमा करना होगा।
(4) निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक **13.08.2022** तक पूर्वाहन 12 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।
(5) किसी निविदा/ कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
(6) सभी कार्यों के लिए अलग-अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार की जाएगी।
(7) ससर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
(8) सामग्री की मात्रा/ धनराशि घट बढ़ सकती है।

**नोटः-** निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय बारा खास से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय बारा खास में समस्त निविदाएं भी खोली जाएगी ।

**(संतोष कुमार)**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बारा खास**
**वि0 खं0 जसरा, प्रयागराज**

**(अमित कुमार शुक्ला)**
**ग्रा0 पं0 / वि0 अधि0**
**ग्राम पंचायत बारा खास**
**वि0 खं0 जसरा,प्रयागराज**


# सिविल डिफेन्स ने फ्लड ट्रेनिगं कर किया रेस्क्यू मॉंक एक्सरसाइज



रेस्क्यू मॉक एक्सरसाइज करते सिविल डिफेन्स के कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सिविल डिफेन्स डिवीजन सिविल लाइन्स द्वारा वोट क्लब इलाहाबाद यमुना तट पर अपराहन 12 बजे से चीफ वार्डेन अनिल कुमार डिप्टी कन्ट्रोलर नरेन्द्र शर्मा एडीसी राकेश कुमार तिवारी के निर्देशन में बाढ़ में नहाते समय डूबते लोगो को प्रशिक्षित वार्डेन्स द्वारा यमुना से रेस्क्यू कर स्ट्रेचर द्वारा प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर उपचार के लिए पंहुचाया। सिविल लाइन डिविजनल वार्डन महेंद्र सक्सेना, डिप्टी डिविजनल वार्डन राम जी पांडे, स्टाफ आफिसर रवि शंकर द्विवेदी सुनील गुप्ता एम राय घटना नियंत्रक अधिकारी शैलेंद्र कुशवाहा,आयोजक भारत भूषण वाष्णेय रवि गौतम, प्रदीप जयसवार,दुकानजी कुशाग्र भोलेश्वर उपाध्या प्रदीप चौहान आनंद राय, अंबिकेश त्रिपाठी, किशोर जैस, नितेश द्विवेदी,शुभम कुशवाहा, नवनीत कुशवाहा, सतपाल सिंह,अनीता सिंह, कल्पना शुक्ला, सिम्मी यादव, तैराकी टीम शामिल रहे तथा स्टेचर टीम में चौक प्रखंड से अनुराग वैश्य, कुशाग्र गुप्ता बिलाल आदि शामिल रहे।

### गंगा की निर्मलता में योगदान देने को तैयार है 50 गंगादूतों की टोली



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद नेहरू युवा केंद्र के कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय गंगदूत प्रशिक्षण का शुभारंभ शुक्रवार को मोती लाल नेहरू इंटर कॉलेज ,जमुनीपुर, प्रयागराज में किया गया। प्रथम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से किया गया।अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य रजत चंद्रा , प्रवक्ता अश्वनी कुमार दुबे, मौजूद रहे। प्राचार्य रजत चंद्रा ने कार्यकम में गंगा किनारे से आए हुए युवाओं को स्वेच्छा से जुड़ने और इसमें योगदान देने हेतु प्रशंसा की और कहा ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों से लोगों में नदियों को लेकर सजगता आएगी । प्रवक्ता अश्वनी कुमार ने कहा कि हम सबको गंगा स्वच्छता की जिम्मेदारी हम सभी की है। और सबको एकजुट होकर नदी का संरक्षण पर कार्य करना होगा। लेखाकार अदनान खाना ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के कार्यों के बारे में अवगत कराया। जिला परियजना अधिकारी एशा सिंह ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से नमामि गंगे परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी । प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा ने युवा मंडल के बारे में अवगत कराया। प्रवक्ता विजय कुमार जायसवाल ने गंगा का भूगोल और समस्या पर बात की। स्वच्छ भारत मिशन के डी डी पी ने जयदीप त्रिपाठी ने युवाओं से सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन पर चर्चा की ।डिविजनल सलाहकार अरुण कांत वर्णवाल ने स्वच्छ भारत मिशन द्वारा युवा प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दूसरे दिवस नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान के निर्देशक कृष्णा कुमार मौर्या ने प्रभात फरी नुक्कड़ नाटक आदि के तकनीक पर कार्यशाला ली। कार्यक्रम के समापन में जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे द्वारा सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में सहयोग हेतु डीपीओ ने मोतीलाल नेहरू इन्टर कालेज के प्रबन्धक जयंत श्रीवास्तव का विशेष आभार प्रकट किया । कार्यक्रम में स्वयंसेवक कविता, अमन , सागर, कुलदीप का अहम योगदान रहा।

## कांग्रेस की पदयात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने की बनी रणनीति

### 9 से 15 तक तक 75 किमी की होगी पदयात्रा



कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में मौजूद कांग्रेसीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर आज कांग्रेस जनों की एक अति आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रत्येक लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत 75 किमी की पदयात्रा 09 से 15 अगस्त 2022 के मध्य करने के निर्देश दिये गये हैं।

इस अवसर पर मौजूद प्रदेश सचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि पदयात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के हर संभव प्रयास किये जाने की आवश्यकता है, सभी साथी मनोयोग से जुट जाएं। जिला उपाध्यक्ष डा. वी. के. सिंह ने कहा कि पदयात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी साथी जुट जाये और कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करें। इस मौके पर नगर अध्यक्ष इरफान अली, सदर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. नीरज त्रिपाठी, पट्टी विधान सभा की पूर्व प्रत्याशी सुनीता सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, आशुतोष तिवारी, मो0 दिलशाद, रामचंद्र पांडेय, सूर्य प्रकाश शुक्ल, मनीष सिंह, सलीम उल्ला, सरोज धुरिया, आशा देवी, सोनी तिवारी, श्याम शंकर तिवारी, राकेश मिश्र सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## काला धन वापस लाने की सच्चाई उजागर करे मोदी सरकारः प्रमोद तिवारी

### राज्यसभा ने कैम्प कार्यालय पर की प्रेसवार्ता

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा सांसद एवं केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने विदेशों मे जमा हुए काले धन की वापसी को लेकर मोदी सरकार से फौरन देश के सामने अब सच्चाई सामने लाये जाने पर जोर दिया है। श्री तिवारी ने सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि कडवी सच्चाई तो यह है कि विदेशी बैंकों से काला धन तो वापस नही आया बल्कि मोदी सरकार के राज में इन विदेशी बैंकों मे जमा काला धन कई गुना बढ़ जरूर गया है। शनिवार को नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर प्रेस वार्ता में प्रमोद तिवारी ने राज्यसभा सदस्य के रूप में उन्तीस जुलाई को स्विस बैंक मे भारतीयों की धनराशि मे हुई रिकार्ड बढोत्तरी के प्रकरण पर अपनी नोटिस का हवाला देते हुए बताया कि सभापति ने इसकी महत्वता को देखते हुए प्रथम नंबर पर इसे स्वीकार भी कर लिया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश अब केन्द्र की मोदी सरकार से विदेशी बैंको मे जमा काले धन को वापस लाने के उनके 2014 के चुनावो में किये गये बड़े बड़े दावे की सच्चाई भी जल्द जानना चाहता है। इसके पूर्व श्री तिवारी ने रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के दौरे मे विभिन्न गांवो मे पार्टी कार्यकताओं व लोगों से मुलाकात भी की।



प्रमोद तिवारी।

## द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर साकेत कालेज की छात्राओं ने निकाली रैली

### ढोल-नगाड़े के साथ नृत्य कर किया खुशी का इजहार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रथम आदिवासी महिला के भारत के 15वें राष्ट्रपति चुने जाने पर साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज की छात्राओं ने रैली निकालकर जश्न मनाया। रैली में छात्राओं ने अदम्य साहस, अदम्य नाम, द्रौपदी मुर्मू के नारे लगाए।

रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर अम्बेडकर चैराहा होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई। छात्राओं ने द्रौपदी मुर्मू को महिला सशक्तीकरण का सबसे बड़ा उदाहरण बताया। रैली के समापन पर छात्राओं ने देशभक्ति की धुन पर ढ़ोल नगाड़े के साथ नृत्य कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या मीना सिंह ने बताया कि निश्चय ही ये महिला उत्थान का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। डॉ0 अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि श्रीमती मुर्मू ने अपने जीवन में संघर्ष कर के देश को नई दिशा देने का कार्य किया है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना एवं साई वन्दना द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनन्त प्रकाश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी, साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज का समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



दौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर नृत्य करती छात्राएं ।

## भाजपा कैबिनेट मंत्री का आलापुर में स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** योगी सरकार के कैबिनेट वित्त मंत्री सुरेश खन्ना शनिवार की सुबह बाई कार द्वारा लखनऊ से चित्रकूट जाते समय थाना नवाबगंज के आलापुर में भाजपा कार्यकर्ताओ ने काफिला को रोककर स्वागत किया और फूलो की माला पहनाया। कार्यकताओं के स्वागत से गदगद हुए कैबिनेट मंत्री ने कार्यकताओं से मिशन लोक सभा 2024 में जुटने का आहवान किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत सरकार बनेगी। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना आलापुर पेट्रोल पंप पर कुंवर मनीष सिंह से मुलाकात करते हुए चित्रकूट के लिए रवाना हो गए।

इस मौके पर अवनीश पांडे, संतोष सिंह, राहुल शुक्ला, अश्वनी पांडे, माता प्रसाद, विक्की टेंट हाउस, गौरव अग्रहरि, काजू, अमित कुमार, अतीश अग्रहरी, सुंदरलाल चैरसिया, जावेद अहमद सहित आदि लोग मौजूद रहे।



कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना का स्वागत करते भाजपाई।

## वेतन न पाने वाले सफाई कर्मचारियों ने डीएम से लगाई गुहार

**प्रतापगढ़।** राजकीय मेडिकल के जिला अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मियों ने सात माह से वेतन न मिलने पर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर वेतन दिलाने की गुहार लगाई है। आज शनिवार को सात माह से वेतन से वंचित सफाई कर्मचार्यों ने जिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में कहा कि माह जनवरी से जून तक आल ग्लोबल सर्विसेस लखनऊ से वेतन मिलना है। वेतन मांगने पर संस्था के लोग नौकरी से निकाल देने की धमकी देते हैं। जबकि वेतन न मिलने पर इन कर्मचारियों का परिवार भुखमरी के कगार पर आ गया है। सफाई कर्मचारियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि वे इन गरीब कर्मचारियों को राहत दिलवाने का आदेष दें। इन कर्मचारियों को डीएम से आशा है कि इन गरीब कर्मचारियों की वह जरुर सुनेंगे।

## परदेश छोड़ गांव में केले की खेती से ईशा ने अजमाया भाग्य, एक बीघे में होती है लाखों की कमाई

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती की कहावत को सच साबित कर दिया। आखिर इंसान की लगन उसे किसी भी बुलंदी तक पहुँचा सकती है। यही तो हुआ जिले के लालगंज विकास खंड के बरीबोझ रानी की बाग गांव निवासी मोहम्मद ईशा ने यूट्यूब पर बैठे-बैठे कुछ देख ही रहे थे कि एक वीडियो केले की खेती का नजर आया ईशा ने उसे पूरा देखा। उसके बाद केले की खेती करके धन कमाने की लगन ने ईशा को बैठने नही दिया।

वह उद्यान विभाग से संपर्क किया। वहां के अधिकारी ने केले की खेती से जुड़ी सारी जानकारी दी। उसके बाद वह यूट्यूब पर बाराबंकी के किसान की खेती देख कर वहां पहुच गया। किसान रामसरन वर्मा ने उसे बताया कि केले के पौधों को वह जलगांव महाराष्ट्र से लाता है। ईशा अगस्त 2021 मे महाराष्ट्र पहुंच कर नर्सरी देखा और वहां से केले के बारह सौ पौधों को लाकर लगभग डेढ़ एकड़ जमीन पर रोपित कर दिया। खेती के ग्यारह माह हो चुके है, फसल भी अस्सी फीसदी तैयार हो गई है। अगले माह अगस्त के अंत तक केले की फली की कटाई शुरू हो जायेगी। पुनः खेत तैयार कर केले के पौधे रोपित कर दिए जायेंगे। ईशा के मुताबिक केले की खेती बारह माह की होती है। एक एकड़ में लगभग एक लाख की लागत आती है। फसल अच्छी तरह से तैयार हो जाती है तो एक से डेढ़ लाख प्रति एकड़ में मुनाफा कमाया जा सकता है। इससे पूर्व ईशा दिल्ली में एक निजी संस्थान में नौकारी कर रहे थे, लेकिन यूट्यूब चैनल ने उनकी जिंदगी ही बदल दी। अपने गांव की मिट्टी से ही सोना पैदा करने की ठान ली है। तैयार केले की आपूर्ति स्थानीय बाजार सलोन, पास-पास के व्यापारी के साथ ही बिहार राज्य में भी होती है।



केले के खेत में मोहम्मद ईषा ।

## घुघुरी लोक उत्सव में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी धूम

### कठपुतली, नुक्कड नाटक और काव्य की बहेगी रसधारा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में नागपंचमी के अवसर पर घुघुरी लोक उत्सव में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। सावनी गीत, लोक नृत्य, कजरी आदि की स्थानीय व नामी कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां होगी।

भारत सरकार व राज्य सरकार के नामी कठपुतली कलाकारों द्वारा लोगों के मनोरंजन के साथ साथ कैच द रेन व जल संरक्षण व प्रबन्धन के प्रति जन जन को जागरूक भी करेंगे। वहीं नेहरू युवा केन्द्र के युवा कलाकार नुक्कड नाटक कर युवा मण्डल विकास अभियान को प्रोत्साहित करेंगे। यह जानकारी देते हुए धाम के महासचिव व उत्सव के संयोजक समाज शेखर ने बताया कि सूचना विभाग तथा संस्कृति विभाग तथा लोक संस्कृति विकास संस्थान के लोकप्रिय कलाकारों द्वारा कार्यक्रम में चार चांद लगाया जायेगा। हास्य सम्राट आकाशवाणी कलाकार व कवि अशोक बेशर्म व प्रसिद्ध मंच संचालक शरद मिश्र कार्यक्रम का संचालन करेंगे। नामी कवि ठाकुर इलाहाबादी, जनकवि प्रकाश, प्रीती पाण्डेय, राजमूर्ति सिंह सौरभ, संगम लाल त्रिपाठी भंवर, सपना पाण्डेय, शिवम भगवती, प्रशान्त भरूहिया आदि की कविताओं का भी आनन्द लोक उत्सव में मिलेगा।

## बेल्हा की बहनों के द्वारा निर्मित राखियों से सजेगी जांबाज सैनिकों की कलाइयां

### एलायंस क्लब ने सैनिक भाईयों को 1100 राखियां भेजी राखी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा विगत 20 वर्षों से सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राखी भेजे जाने के क्रम में तीनों सेनाओं के सेना अध्यक्ष, राष्ट्रपति के माध्यम से दिया। महिला क्लब की बहनों ने अपने वीर भाइयों की सलामती की दुआ भी की।

क्लब के इंटरनेशनल डाइरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य की अगुवाई में प्रधान डाकघर पहुंच कर वहां सीनियर पोस्टमास्टर अमित महेश्वरी को बेल्हा की बहनों के द्वारा निर्मित राखियों का पैकेट सौंपा। सीमा पर रक्षा करने वाले भारत माता के लाल को साहस और सौर्य पर संगोष्ठी भी हुई। रोशनलाल ने कहा कि भारत की वीरांगना बहने तो सैनिकों के साथ हैं ही पूरा देश उनके साथ खड़ा है। महिला क्लब की अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल ने कहा कि भारत की बहने सैनिक भाइयों के साथ मर मिटने को तैयार हैं। उन्होंने उनकी सुरक्षा हेतु ईश्वर से भावुकता पूर्ण प्रार्थना की। इस अवसर पर सुधा अग्रवाल, ज्योति, रेखा उमरवैश्य, मेघा खंडेलवाल, मिली, अंकिता सिंह, आनंद कुमार, मोहित गुप्ता, आदित्य, सौरभ सिंह, विवेक कुमार, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।



सैनिक भाईयों को राखी का पैकेट भेजते एलायंस क्लब के पदाधिकारी

## मो0 उमर का जामिया मिल्लिया इस्लामिया में हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मदरसा दारुल बनात सगरा सुंदरपुर, प्रतापगढ़ में पढ़ाई कर रहे छात्र मो0 उमर का नई दिल्ली स्थित जामिया मिल्लिया इस्लामिया केन्द्रीय विष्वविद्यालय में कक्षा-9 की प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। मो0 उमर के चयन से मदरसा परिसर में खुशी का माहौल है। बता दें कि छात्र मो0 उमर ने नई दिल्ली स्थित जामिया मिल्लत इस्लामिया में कक्षा-9 की प्रवेश परीक्षा के लिये इग्जाम दिया था जिसमें उसने आल इण्डिया में प्रथम रैंक प्राप्त किया। मो0 उमर के चयन पर मदरसा दारुल बनात के प्रबंधक डा0 मो0 अतीक, प्रधानाचार्य मो0 हसनैन, षिक्षक मो0 आफाक, शहनवाज, मो0 इस्तियाक, मो0 रुस्तम, डा0 नफीस, शफीक अहमद, आसिफ अली ने खुशी का इजहार कर उसे सम्मानित किया।



मो0 उमर

## गंगा में समाये युवक का दूसरे दिन मिला शव, परिजनों मे कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के नौगीर गांव निवासी युवक का गंगा मे समाया शव दूसरे दिन शनिवार की सुबह बरामद हुआ। युवक का शव गंगा के बहाव में प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर पहुंच गया। वहां पुलिस ने उसका शव बरामद कर लिया।

नौगीर के छोटे लाल पाण्डेय के पुत्र विकास पाण्डेय 30 हथिगवां थाना के धीमी पुल के समीप शुक्रवार को सुबह घाट पर गंगा मे स्नान करने गया था। पैर फिसलने से विकास तेज बहाव में गंगा मे समा गया। सूचना पर प्रयागराज से जल पुलिस तथा स्टीमर वोट के साथ पुलिस व मछुआरे शुक्रवार की देर शाम तक विकास की खोज में जुटे रहे। हालांकि पुलिस को शुक्रवार की देर शाम तक सफलता नही मिल सकी। शनिवार को प्रयागराज जिले के नबाबगंज थाना के श्रृंगवेरपुर में पुलिस ने हथिगवां थाने को विकास के शव मिलने की सूचना दी। शव मिलने की जानकारी होते ही विकास के परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। हथिगवां पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक विकास की मां का निधन हो चुका है। उसका पिता छोटेलाल व भाई सुधांशु पाण्डेय भी दिव्यांग है तथा दूसरे भाई हिमांशु पाण्डेय 21 तथा बहन पारूल 16 के साथ वह अपने पीछे पत्नी ज्योती तथा चार वर्ष के मासूम पुत्र स्वयं को निराश्रित छोड गया है।

## दिव्यांग की मदद को आगे आया बीबीएफजी, बनवाया सर्टिफिकेट

### रवि के घर जाकर परिजनों को सौंपा प्रमाण पत्र, बच्चे की शिक्षा का खर्च उठायेगा ग्रुप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रीढ़ की हड्डी टूटने से इलाज के अभाव में बिस्तर पर पड़े गोपालापुर गांव के युवक रवि विश्वकर्मा की मदद करने के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी आगे आया। ग्रुप के सदस्यों ने रवि का दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाया और शनिवार को घर पहुंच कर उसे सौंप दिया। साथ ही साथ ग्रुप ने उसके बेटे अंश विश्वकर्मा को शिक्षा के लिए गोद ले लिया है। यह सब देखकर रवि और उसकी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए।

रवि विश्वकर्मा छः माह से बिस्तर पर है। दहिलामऊ में एक स्कूल की पुताई करते समय लोगों ने उसे धक्का देकर नीचे गिर दिया था। रवि के अनुसार इस घटना में उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई। तभी से बिस्तर पर पड़ा है। जो भी पैसा था इलाज में खर्च हो गया। पैसे के अभाव में दवा नही खरीद पा रहा है। इतना सब होने के बाद भी कोई मदद को आगे नहीं आया। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के सहयोगी अश्वनी केसरवानी ने बताया कि हाल ही में जानकारी होने पर रवि की मदद को हम लोग आगे आए हैं। मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री के अथक प्रयास से उसका दिव्यांग सर्टिफिकेट बन पाया। जिसे उसके घर जाकर दिया गया। रवि के पुत्र अंश की पढ़ाई का जिम्मा ग्रुप के सहयोगियों ने लिया है। इसके अलावा और जो भी संभव मदद होगी की जाएगी। इस मौके पर मोहम्मद अनीश, सतेंद्र गुप्ता, अरुणकांत मिश्रा ने सहयोग किया।

## तीन आरोपियों के खिलाफ किशोरी के अपहरण व धमकी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ किशोरी के अपहरण व धमकी को लेकर शनिवार को केस दर्ज किया है। कोतवाली के खरांवा गौखाड़ी निवासी तुलसीराम गुप्ता की पत्नी सरिता गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती नौ जुलाई को सायं चार बजे उसकी पुत्री सरिता 17 को रास्ते मे रायबरेली जिले के सलोन थाना निवासी सिरसिरा बोधी का पुरवा गांव के अखिलेश सरोज पुत्र रामसजीवन व संजय सरोज पुत्र श्रीचंद्र तथा अमरेश सरोज पुत्र रामकिशोर स्कूल से वापस आते समय बहलाफुसलाकर भगा ले गये। परिजनों के द्वारा तलाश तेज होने पर आरोपियो ने अठारह दिन बाद उसे लालगंज बाजार लाकर छोड दिया। आरोपियो ने किशोरी की मां के द्वारा उलाहना देने पर जानलेवा धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि किशोरी का बयान दर्ज कर आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## दो किशोरियों के साथ बलात्कार करने वाले अभियुक्त को आजीवन कारावास

**प्रतापगढ़।** विषेष न्यायाधीष पाक्सो एक्ट पंकज कुमार श्रीवास्तव ने दो नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार करने के आरोप में बैसन का पुरवा विक्रमपुर निवासी राम लखन के पुत्र शैलेन्द्र सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा एक लाख का जुमार्ना भी लगाया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि 17 मई 2021 को गांव के आम की बाग में बच्चे खेल रहे थे। इसी बीच अभियुक्त पहुंचा और बिस्किट का लालच देकर सात वर्ष और 12 वर्ष की दो लड़कियों को अपने घर ले गया और दोनों के साथ चाकू के बल पर डरा-धमकाकर अपना मुंह काला किया। बच्चे जब अपने घर गये तो खून के धब्बे देखकर उसकी भाभी ने पूछा तो बच्चों ने रो-रोकर पूरी घटना बताई। इस घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई थी जिसमें साक्ष्यों के बयान को देखते हुए विषेष न्यायाधीष पंकज कुमार श्रीवास्तव ने शैलेन्द्र सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## ससुरालीजनों ने विवाहिता को दहेज के लिए घर से पीटकर भगाया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शादी के पांच साल बाद ससुरालीजनों ने एक विवाहिता को घर से मारपीट कर भगा दिया। पीड़ित महिला ने थाने में शरण लेकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव के रहने वाले श्याम लाल ने अपनी बेटी मनीषा की शादी ठनेपुर गोपापुर गांव में 5 साल पहले किया था। विवाहिता के एक बेटा भी हुआ लेकिन विवाहिता के पति ससुर व सास तथा जेठानी अतिरिक्त दहेज को लेकर उसे परेशान करते वह मारते पीटते हैं। पीड़ित विवाहिता को शुक्रवार की रात पचास हजार दहेज लाने के लिए परेशान करने लगे। असमर्थता जताने पर ससुराली जनों ने लाठी डंडे से जमकर मारा पीटा तो शनिवार की दोपहर विवाहिता पट्टी कोतवाली पहुंची और ससुराली जनों के विरुद्ध शिकायत पत्र देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है।

## ओवरलोड डम्फरों के आवागमन से धंसने लगी सीसी सड़क

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** परियावां लवाना मार्ग से जुड़े नवाबगज चैराहा व पाइकगंज बाजार में बनी सीसी सड़क इन दिनों परियावां रेलवे स्टेशन में खुले डिपो में गिट्टी से लदी ओवरलोड डम्फर के ट्रकों के आवागमन में सड़क जगह जगह धसने लगी है। यदि यही हाल रहा तो बहुत ही जल्द सीसी सडक गड्ढो में तब्दील हो जाएगी।

## भूत प्रेत के विवाद में वृद्ध महिला को पीट कर आरोपियों ने किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भूत प्रेत के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने एक वृद्ध महिला को लात घूसों से जमकर मारा पीटा। अपने परिजनों के साथ पट्टी कोतवाली पहुंची महिला ने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव की रहने वाली कैलाशी पत्नी सत्यनारायण ने इस संबंध में शिकायती पत्र दिया और बताया कि भूत प्रेत के विवाद को लेकर उसके पड़ोसियों ने उसे लातघूसों से जमकर मारा पीटा जिससे उसे गंभीर चोटें आई है।

## बच्चों के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भोपालपुर गांव में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए जिसमें एक पक्ष के लोगों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारा पीटा है। कोतवाली क्षेत्र के भोपालपुर गांव के रहने वाली अनीता देवी पत्नी अरविंद कुमार ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया है जिसमें उसने बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर उसके पड़ोसी तीन लोग एक राय होकर उसे जमकर मारा पीटा और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया पुलिस तहरीर लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा निवासी दीपक केसरवानी कोटेदार का पुत्र विवेक कुमार शनिवार की सुबह बाइक से अपने भाई को स्कूल छोड़ने गया था स्कूल छोड़कर वह वापस घर लौट रहा था लेकिन तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने विवेक के वाहन में टक्कर मार दिया जिससे विवेक सड़क पर गिर पड़ा और उसे चोटें आई हैं मामले की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां विवेक का इलाज चल रहा है बताया जाता है कि विवेक के सिर में गंभीर चोट लगी है।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र राजाराम निवासी टडहर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने पर की जाएगी कार्यवाही : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**डीएम एवं एसपी द्वारा मोहर्रम त्यौहार पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ की गयी बैठक**



बैठक करते डीएम एसपी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा उदयन सभागार में 31 जुलाई से 09 अगस्त 2022 तक मनाये जाने वाले मोहर्रम के अवसर पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक की गयी बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रभारी निरीक्षकों थानाध्यक्ष से थानावार निकलने वाली जुलूसों एवं पीस कमेटी की बैठक आदि की जानकारी तथा उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों से समस्याओं सुझावों को प्राप्त किया बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सम्बेदनशील स्थानों एवं व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाय तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाये उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी उन्होंने कहा कि जुलूस निकालनें की अनुमति प्राप्त कर लिया जाय तथा ताजिया कमेटी एवं वालंटियर्स के नामों की सूची सम्बन्धित थानों में उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होंने सभी ईओ को खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने, नालियां की साफ-सफाई व जुलूस मार्गों की साफ-सफाई एवं पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जेई की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि कहीं पर भी कोई समस्या आती है तो तत्काल निस्तारित किया जाय तथा शासन के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों से कहा कि जुलूस मार्ग का स्थलीय भ्रमण कर सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय, किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। इसके साथ ही उन्हांने कहा कि छेड़खानी एवं चैन स्नैचिंग आदि आपराधिक घटनायें नहीं होने पायें। उन्होंने सम्वेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी बैठक में उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकगणां ने कहा कि मोहर्रम त्यौहार को आपसी सौहार्द्र एवं भाईचारा के साथ मनाया जायेंगा, किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी इय अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, समस्त उप जिलाधिकारीगण एवं क्षेत्राधिकारीगण सहित सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### डीजे की धुन पर रिटायर हुआ श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी



**कौशांबी।** श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा मंझनपुर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संभर की विदाई डीजे के धुन के साथ की गई, इस अवसर पर विद्यालय में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के समस्त कर्मचारी शामिल हुए प्रधानाचार्य चुन्नीलाल सरोज ने कर्मचारी को अंगवस्त्रम भेंट किया एवं माला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे कार्यकाल में अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ पालन किया जो कि अन्य कर्मचारियों के लिए एक मिसाल है इसके साथ ही उन्होंने कर्मचारी के उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी ने संस्थान की सेवा परिवार की तरह की है भावुक होते हुए वक्ताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने माला पहनाकर कर्मचारी को नम आंखों से विदाई दी कर्मचारी को विदाई देने के लिए गांव से परिवार सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में लोग आए थे जो डीजे की धुन पर नाचते हुए अपने साथ ले गए। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

### चौकी थाना से निराश गरीब फरियाद लेकर पहुंचा एसपी कार्यालय



**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बा निवासी निलेश कुमार के 14 वर्षीय पुत्र नितिन 9 जुलाई को बारात देखने गया था जहां गांव के दुर्गा प्रसाद ने उसका हाथ तोड़ दिया था बेरहमी से बालक को मारा पीटा गया था मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने स्थानीय चौकी पुलिस से की न्याय न मिलने पर 2 दिन बाद थानेदार से भी मिला लेकिन उसे न्याय नहीं मिल सका बालक का इलाज स्वरूप रानी अस्पताल इलाहाबाद में चल रहा था परिजनों का कहना है कि इलाज में 80 हजार रुपए खर्च हो चुके हैं थाना चौकी से न्याय ना मिलने पर मिलेश कुमार न्याय की उम्मीद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा है और तहरीर देकर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

### यातायात पुलिस ने कोखराज थाने में किया 6 ई-रिक्शा सीज



**कौशाम्बी।** शुक्रवार को बांदा जनपद में सड़क हादसे में ई रिक्शा में सवार आठ लोगों की दर्दनाक मौत के बाद उपमहानिरीक्षक यातायात ने पूरे प्रदेश में ई-रिक्शा की जांच पड़ताल करने का निर्देश दिया उपमहानिरीक्षक यातायात के निर्देश के बाद कौशांबी यातायात पुलिस ने वाहनों की जांच पड़ताल की यातायात पुलिस ने शनिवार को जांच के दौरान कोखराज थाना क्षेत्र से 06 ई-रिक्शा सीज कर कोखराज थाना में दाखिल कर दिया है इसके पहले यातायात पुलिस ने मंझनपुर क्षेत्र में भी शुक्रवार को जांच पड़ताल के दौरान तमाम ई रिक्शा को सीज किया था उपनिरीक्षक यातायात धीरज जायसवाल ने वाहनों की जांच पड़ताल की और बिना नंबर प्लेट के चल रहे हैं ई-रिक्शा को सीज कर दिया यातायात पुलिस की कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

# आधी रात को गोदाम में लगी आग, जिंदा पशु समेत लाखों का सामान खाक

**अखंड भारत संदेश**

**घंटों मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू**

**भरवारी कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया गांव में व्यापारी की गोदाम में आधी रात को अचानक आग लग गई इस अग्निकांड में जिंदा पशु समेत लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है तेज लपट देखकर आसपास के लोगों ने मामले की सूचना गोदाम मालिक को दी मौके पर गोदाम मालिक पहुंचे और मामले की सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई है घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है।

कोखराज थाना अंतर्गत पुलिस चौकी सिंघिया क्षेत्र में सिंघिया निवासी बनवारी लाल केशरवानी शुक्रवार की देर रात दुकान बंद कर के अपने दूसरे घर पर चले गए थे और खाना खाकर के सो गए रात लगभग बारह बजे गोदाम में आग लग गयी आसपास के लोगों ने उन्हें घटना की जानकारी दी मौके पर वह पहुंचे काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका आग कैसे लगी इसका पता नही चल सका इतना जरूर है कि इस आग में दुकान में रखा लाखों कीमत का लकड़ी का सामान व बॉस बल्ली जलकर राख हो गयी इस आग में एक गाय भी जलकर मर गयी मौके पर सिंघिया पुलिस पहुची और आग लगने की जानकारी ली जिसमे आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो सका।

## खेल खेल में चली गोली बच्चे की मौत

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के कस्बे के अंदर एक भाजपा नेता के घर में उनकी रिवाल्वर से बच्चे खेल रहे थे खेल खेल में गोली चल गई अचानक चली गोली एक बच्चे को लग गई जिससे 11 वर्ष के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई है बच्चे की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों का मजमा लग गया है सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस भी पहुंच गई है परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी कस्बे के एक बड़े भाजपा नेता के घर पर नेता के बच्चे और पड़ोसी के बच्चे शनिवार की शाम लगभग 6:00 बजे खेल रहे थे इसी बीच भाजपा नेता के बच्चे पिता की रिवाल्वर निकाल लाए और रिवाल्वर से खेलने लगे खेल खेल में अचानक रिवाल्वर से गोली चल गई जिससे पड़ोसी मुन्ना लाल के 11 वर्षीय बेटे आनंद को गोली लग गई और मौके पर तड़प कर बालक की मौत हो गई आनन-फानन में बच्चे को लेकर लोग डॉक्टर के पास पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया भाजपा नेता के घर गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों का मौके पर मजमा लग गया मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है इस संबंध में भाजपा नेता से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी।

# विगत पांच वर्षो में जनपद में विद्युत के क्षेत्र में हुए अनेक महत्वपूर्ण कार्य : सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**उज्ज्वल भारत-उज्ज्वल भविष्य कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ**



**कौशाम्बी।** सांसद विनोद सोनकर ने दुगार्भाभी सभागार शहजादपुर में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित उज्ज्वल भारत-उज्ज्वल भविष्य पॉवर कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सांसद द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी अधीक्षण अभियंता विद्युत सुशील कुमार श्रीवास्तव ने विगत 05 वर्षो में जनपद में विद्युत के क्षेत्र में हुए अनेक महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत 16 विद्युत उपकेन्द्र में क्षमता बृद्धि का कार्य किया गया 39 नग कृषक पोषकों का निर्माण किया गया तथा 746 ग्रामों की 1310 मजरों का विद्युतीकरण कर 26 हजार 400 संयोजन में निर्गमन का कार्य किया गया उन्होंने बताया कि आईपीडीएस योजना के तहत 07 नग आईपीडीएस नगरों में केवल लगाने एवं परावर्तकों की स्थापना का कार्य किया गया तथा 03 नग आईपीडीएस नये विद्युत उपकेन्द्र अजुहा, भरवारी एवं मंझनपुर में निर्मित किये गये उन्होने बताया कि सौभाग्य योजना के तहत 1952 मजरों में विद्युतीकरण करते हुए 636 नग परावर्तकों की स्थापना व 70 हजार से अधिक लाभार्थियों को मुक्त संयोजन निर्गमन तथा 04 नग पॉवर परावर्तकों की क्षमता वृद्धि का कार्य किया गया। उन्होने बताया कि विगत 05 वर्ष में जनपद में 96 हजार संयोजनां से बढ़ाकर 02 लाख, 10 हजार हो गये एवं प्रत्येक ग्राम तक विद्युत व्यवस्था की गयी इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गोद लिए गये ऑगनबाड़ी केन्द्र टेंवा-द्वितीय का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा गोद लिए गये ऑगनबाड़ी केन्द्र टेंवा-द्वितीय का निरीक्षण किया गया मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान ऑगनबाड़ी केन्द्र में दो गर्भवती महिलाओं नेहा पत्नी संजय कुमार एवं मंजू पत्नी प्रमोद की गोद भराई एवं दो बच्चों सौरभ कुमार एवं नैन्सी का अन्नप्राशन किया ऑगनबाड़ी केन्द्र टेंवा-द्वितीय से अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा रैली निकाली गयी उन्होंने ग्रामसभा टेंवा स्थित गौशाला का निरीक्षण किया तथा एक कुपोषित बच्चे सुरेन्द्र पुत्र धमेन्द्र को एक गाय गोद दिया।

# न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष को बधाई देने का पूरे दिन लगा रहा तांता

**अखंड भारत संदेश**



**अध्यक्ष विमलेश शुक्ला ने कहा कि पत्रकारों का हित सर्वोपरि होगा पत्रकारों का शोषण और कलम की आवाज दबाने का प्रयास कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा**

**कौशाम्बी।** न्यू प्रेस क्लब का चुनाव 29 जुलाई को संपन्न हो गया विमलेश शुक्ला न्यू प्रेस क्लब के अध्यक्ष चुने गए है अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्हें माल्यार्पण कर पत्रकारों ने बधाई दी है 30 जुलाई को सुबह से फोन पर उन्हें तमाम लोगों ने बधाई दी है पूरे दिन उनके अखबार कार्यालय में बधाई देने वाले पत्रकारों का तांता लगा रहा है सुबह 10:00 बजे से ही उनके कार्यालय में बधाई देने वाले पत्रकार पहुंचने लगे हैं विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने भी विमलेश शुक्ला की जीत पर उन्हें बधाई दी है और देर शाम तक उन्हें बधाई देने वाले उनके कार्यालय में देखे गए हैं इस मौके पर न्यू प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमलेश शुक्ला ने कहा कि पत्रकारों का हित सर्वोपरि होगा पत्रकारों का शोषण और कलम की आवाज दबाने का प्रयास कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि पत्रकारों को संगठित किया जाएगा और किसी ने भी पत्रकार के साथ जुल्म ज्यादती अत्याचार या फिर कलम की आवाज दबाने का प्रयास किया तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

उन्होंने पत्रकारों से भी अपील की है कि वह निडर निर्भीक होकर के निष्पक्ष और इमानदारी से सत्य निष्पक्ष खबर का प्रकाशन करें जरूरत पड़ने पर संगठन पत्रकारों के साथ होगा प्रेस क्लब के अन्य पदाधिकारी महामंत्री अनिरूद्ध पांडेय संगठन मंत्री सुधीर कश्यप कोषाध्यक्ष राजकुमार पाल सहित सभी विजई पदाधिकारियों को भी बधाई देने का पूरे दिन ताता लगा रहा।



मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में भ्रमण करते आईजी एसपी एएसपी सीओ व कोतवाल

# आगामी त्योहारों को लेकर मार्गो एवं संवेदन सील क्षेत्रों का पुलिस अधिकारियों ने किया भ्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** आगामी त्योहारों को लेकर मार्गो एवं संवेदन सील क्षेत्रों का पुलिस अधिकारियों ने भ्रमण किया है मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की शाम पुलिस महा निरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र पहुंचे पुलिस महा निरीक्षक के आगमन पर पुलिस अधीक्षक कौशांबी अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर सिराथू चायल क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षण आधीन एवं प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर एस एस आई मंझनपुर एवं थाना मंझनपुर का पुलिस बल पुलिस महा निरीक्षक के साथ संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कितने निकल गया मार्गो का लोकेशन चेक किया गया भारी पुलिस फोर्स के साथ पुलिस महानिरीक्षक ने कस्बा मंझनपुर में पैदल गस्त करके जन सामान्य में सुरक्षा की भावना एवं आगामी त्योहारों को लेकर मार्गो एवं संवेदन सील क्षेत्रों का भ्रमण किया।

### गौ रक्षा सेना के नगर अध्यक्ष बने माजिद



**कौशाम्बी।** भारतीय गौ रक्षा सेना का करारी नगर अध्यक्ष माजिद को नियुक्त किया जा रहा है संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर मजीद को पद की जिम्मेदारी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह संयोजक इमरान हैदर रिजवी ने सौंपी है उन्होंने उम्मीद जताई है कि मजीद संगठन को मजबूत करेंगे गौ हत्या और गौ तस्करी पर रोक लगाएंगे जो गौशाला में धांधली गर्दी या अनियमितताएं बरती जा रही है उसकी देखरेख कर के शासन प्रशासन द्वारा तथा संगठन द्वारा समस्याओं को दूर किया जाएगा इस मौके पर संगठन के सहसंयोजक अशरफ हुसैन इलाहाबाद मंडल प्रयागराज के मंडल अध्यक्ष जीशान हैदर उर्फ पप्पू मछली वाले पूर्व सभासद गुलाम शिव टाइम नजमुल हसन सहित दर्जनों लोगों ने माजिद के मनोनीत होने पर बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी है।

### रेलवे ट्रैक पर मिले घायल अधेड़ को सिपाहियों ने पहुचाया अस्पताल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के सिराथू रेलवे स्टेशन के पश्चिमी दिशा में रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ घायल अवस्था मे पड़ा देख रेलवे कर्मचारियों ने सिराथू चौकी पुलिस को सूचना दिया ।सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज मय कांस्टेबलों के घटना स्थल पहुँच कर घायल को उठा कर सिराथू सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ चोट गम्भीर होने की वजह से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया ।चौकी इंचार्ज सहित कांस्टेबल राजू विश्वकर्मा, विनेश यादव, अजय शर्मा ,मनोज यादव ने अधेड़ को जिला अस्पताल में भर्ती कराये जहा अभी घायल का इलाज चल रहा है ।हालांकि अधेड़ की अभी तक पहुचान नही हो सकी है ।गनीमत रही कि समय रहते मौके पर पहुँचे कांस्टेबलो ने घायल अधेड़ की जान बचा लिया ।सिराथू पुलिस पहचान के लिए लगातार फोन कॉल या सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

### देवर सास ससुर ने महिला को डंडों से पीटा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावा कला गांव निवासी शाहनाज बानो पत्नी अतीक अहमद 29 जुलाई की शाम 4:00 बजे अपने घरेलू काम में लगी थी इतने में महिला का देवर कबीर अहमद ससुर चांद बाबू और सास आकूबी बेगम ने गाली गलौज करते हुए महिला शाहनाज बानो को डंडे से पीटा है बीच-बचाव करने पहुंचे महिला के पति अतीक अहमद को भी पीटा है बताते चलें कि अतीक अहमद की पहली पत्नी की मौत हो चुकी है और हमले के दौरान हमलावर कह रहे थे कि अतीक की पहली पत्नी को फांसी लगाकर मार दिया है इसी तरह तुझे भी मार देंगे इस हमले में महिला व उसके पति को चोट आई है महिला का कहना है कि उसका देवर उसके बगल में बिस्तर लगा कर सोना चाहता है उसे अपनी पत्नी बनाने का बराबर दबाव दे रहा है महिला का कहना है कि जहां पर वह बिस्तर लगा कर 15 दिनों से सो रही है वही लगातार देवर भी आकर सो जाता है महिला ने मामले की सूचना चरवा थाना पुलिस को दे कर सास ससुर और देवर पर कार्यवाही की मांग की है।

### तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित तीन वांछित अभियुक्तों दिलशाद खान पुत्र शाबीर मो0 असलम पुत्र मो० सिद्दीकी व बृजमोहन कोरी पुत्र राम आधार निवासीगण अलीपुर जीता थाना कडाधाम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में धाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त इन्द्रजीत पुत्र गया सिंह निवासी रामपुर थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा करातूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### महिला से अश्लीलता विरोध पर किया गाली गलौज

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के फरीदपुर सुलेम निवासी एक महिला 29 जुलाई की रात्रि 8:00 बजे खेत में धान की रोपाई का कर वापस घर लौट रही थी रास्ते में गांव का सुरेश पुत्र दुलारे मिला और महिला से अश्लील बातें करने लगा महिला ने जब विरोध किया तो युवक गाली गलौज करने लगा और कहा कि तुम्हारे पति को जान से मरवा दूंगा घर लौटने पर पीड़ित महिला ने मामले की जानकारी पति को दी और सुबह घटना की तहरीर पीड़ित महिला ने स्थानीय पुलिस को दिया है।

# प्रधानमंत्री आवास में बड़ी धांधली अपात्रो को नगर पालिका ने दिया आवास

**अखंड भारत संदेश**

**ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री आवास का लाभ पा चुके लाभार्थियों को नगरपालिका दे रहा प्रधानमंत्री आवास योजना का दोहरा लाभ**

**कोखराज।** कौशांबी नगर पालिका परिषद भरवारी में प्रधानमंत्री आवास योजना धांधली की शिकार हो गई है कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास में वसूली कर रहे हैं और अधिकारी योजना से अंजान बने हैं जिन्हें ग्राम पंचायत से पूर्व में योजना का लाभ दिया जा चुका है उनसे मोटी रकम वसूल कर नगर पालिका द्वारा दोबारा लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया जा रहा है जो बड़ी जांच का विषय है कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी नगर पालिका में इन दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी लूट मची हैं ग्राम पंचायत नौढिया को अभी कुछ दिन पहले ही नगर पालिका भरवारी में जोड़ दिया गया है जो मंगल पांडेय वार्ड नम्बर 10 में है इसी गांव में लगभग चार लोगों को घूस लेकर कालोनी दे दी गयी जबकि उनको प्रधान के द्वारा पहले ही आवास दिया जा चुका है अन्य ग्राम पंचायतों का भी यही हाल है जहां आवास योजना का दोहरा लाभ दिया जा रहा है घूसखोरी के चक्कर में फिर उन्हें नगर पालिका ने आवास उपलब्ध करा दिया नगर पालिका की लापरवाही की हद हो गई कि पहली किस्त भी अपात्रो के खातों में भेज दिया गया जिनको पहले से आवास मिला है तीन तीन कमरे पक्के माकान बने हुए हैं। उन आपात्रों को नगर पालिका आवास देने में उतारू दिखाई पड़ रहा है ग्राम पंचायत और नगर पालिका से दोहरा आवास योजना का लाभ लेने वाले अपात्रो में विट्टन देवी पत्नी हीरा लाल सरोज,छेदी लाल पुत्र जगन्नाथ कोरी,सुग्गन देवी पत्नी राम हित,विषरहिन पत्नी बद्री सरोज सहित दर्जनों ऐसे अपात्र हैं जिन्हें ग्राम पंचायत से लेकर नगर पालिका तक दो-दो बार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है इन सभी को ग्राम पंचायत के कार्यकाल में भी इसी नाम से कालोनी मिली थी लेकीन घूसखोरी के चलते फिर इसी नाम से पुनः पात्र बना कर लाखों रुपया सरकार का लूटा जा रहा है लेकिन भरवारी नगर पालिका के जिम्मेदारों को यह दिखायी नही दे रहा है जबकि पात्र लोगों को आज तक आवास उपलब्ध नहीं कराया जा सका और गरीब कमजोर योजना के पात्र लोग आवास पाने के लिए अधिकारियों का चक्कर काट रहे हैं प्रधानमंत्री आवास का दोहरा लाभ लेने वालों की यदि जिलाधिकारी ने जांच कराई तो जहां रकम की रिकवरी भू राजस्व की भांति कराया जाना निश्चित है वहीं नगरपालिका के कर्मचारियों और आवास का दोहरा लाभ लेने वालों पर मुकदमा भी दर्ज हो सकता है।

### गरीब समाज पार्टी की बैठक संपन्न

**कौशांबी।** नगरपालिका भरवारी गौरा चौराहा के निकट गरीब समाज पार्टी की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता पप्पू मिश्रा ने किया तथा मुख्य वक्ता तीरथ पासी रहे अपने संबोधन में तीरथ पासी ने कहा कि गरीब समाज पार्टी देश के गरीबों मजलूमों की पार्टी हैं जो गरीब तबके के साथ हर समय खडी है उन्होंने कहा कि हम गरीब आदमी को सहारा देकर उठाने का काम करेंगे साथ ही नगर पालिका परिषद भरवारी के पच्चीसो वार्ड में समय समय पर बैठक कर हर वार्ड में गरीब समाज पार्टी का संगठन खडा करने का बिचार व्यक्त किया और कहा कि हर वार्ड में गरीब समाज पार्टी का वार्ड अध्यक्ष पार्टी के सदस्यो के मनन के आधार पर होगा इसी तरह जनपद के गांवो का दौरा कर हर गाँव में संगठन का ढाँचा खडा कर गरीबी के दंश झेल रहे समाज के लोगों के साथ न्याय हित में हर कार्य पार्टी के लोग मिल जुटकर करेंगे वही पप्पू मिश्रा ने समस्त उपस्थिति गरीब समाज पार्टी कौशांबी के सदस्य पदाधिकारियों से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा वार्डो गांवो का दौरा कर स्वयं अपने सामने गरीब समाज पार्टी में अपनी नीतियों को बताकर जोडने को कहा उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का नाम ही गरीब समाज पार्टी है इसलिए हमें अपने गरीब भाईयों से मिलकर उनकी मूल भूत समस्याओ के निराकरण में चिंतन करते हुए पार्टी के अंदर गरीब की बात रखनी चाहिए और अगली बैठक की सूचना सभी को बैठक के पूर्व दी जायेगी जिसमें सबकी उपस्थिति प्रार्थनीय होंगी बैठक में मुख्य रूप से बिहारी पासी संजय रबी कैलाश कल्लू धर्म सिंह नाटी मजहर खान जानू गुप्ता सहित तमाम लोग रहे तथा मस्ताना बीडी वाले का सहयोग आयोजन में रहा।

संपादकीय

# देश के क्रमिक विकास के सोपान में महिलाओं की ज्यादा और सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो

भारतीय गणतंत्र में 15वीं राष्ट्रपति के रूप में महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी के निर्वाचित होने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण और आदिवासी महिलाओं के लिए विकास के नए द्वार खुलने की संभावनाएं बलवती हो गई हैं। माननीय राष्ट्रपति को महिलाओं के संघर्ष, जिजीविषा और नैतिक मूल्यों की पोषक होने का पर्याय माना जा रहा है। उनके राष्ट्रपति चयनित होने के साथ-साथ आदिवासी वर्ग में और खासकर समग्र रूप से महिलाओं में नई ऊर्जा,शक्ति तथा उत्साह का संचार हुआ है। अब भारत देश के क्रमिक विकास में महिलाओं की भागीदारी में निश्चित तौर पर इजाफा होना चाहिए, आदिवासी महिला के सर्वोच्च राष्ट्रपति जैसे गरिमामई पद में चयन होना भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। वर्तमान में भारत की विशाल जनसंख्या में 45% भागीदारी महिलाओं की है । महिलाओं को अभी उनके हक का अधिकार एवं भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, ऐसे में रक्षा प्रतिरक्षा क्षेत्र में महिलाओं की भर्ती एक अच्छे संकेत के रूप में सामने आ रही है। आज के समय में महिलाएं सभी क्षेत्रों में साहस, शौर्य और ऊर्जा का बेहतरीन प्रदर्शन करते आ रही हैं, महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर काम में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अब इसमें सशस्त्र बलों यानी डिफेंस सर्विस भी अछूता नहीं रहा सबसे बड़ी बात स्वतंत्र भारत की दूसरी रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण बनी थी इसके पूर्व श्रीमती इंदिरा गांधी प्रथम रक्षा मंत्री रही थी। अब कोई भी क्षेत्र ऐसा अछूता नहीं रहा जहां महिलाओं ने अपनी सशक्त दस्तक ई पहचान ना कराई हो, यह तो पूर्व से ही कहा गया है यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो सिर्फ एक पुरुष शिक्षक होता है किंतु यदि आप किसी महिला को सर्वांगीण शिक्षा देते हैं तो आने वाली संपूर्ण पीढ़ी को शिक्षित कर रहे हैं ।नारी शक्ति को अब ज्यादा दिनों तक देश की प्रगति विकास के योगदान से परे नहीं रखा जा सकता है। परिवार की धुरी महिलाएं होती है परिवार से घर बनता है धर से समाज और समाज और संपूर्ण समाज से एक सशक्त राष्ट्र की बुनियाद रखी जाती है। इस तरह देश की बुनियाद ही स्त्री सशक्तिकरण है। महिलाएं अच्छी तरह समझती हैं कि घर से लेकर देश की सीमा तक उन्हें व्यवहार कर देश के विकास और उसकी रक्षा में उन्हें किस तरह योगदान देना है। महिलाओं के बिना देश की प्रगति एवं विकास की कल्पना सर्वथा बेमानी है। सशक्त माताएं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती हैं। और सीमा रक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी इसका एक बड़ा उदाहरण और प्रतिफल है इन उदाहरणों में से प्रथम लेफ्टिनेंट सुनीता अरोड़ा ,प्रथम एयर मार्शल पद्मावती बंदोपाध्याय ,कैप्टन मिताली मधुमिता ,भारत में आए अमेरिकी राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर देने वाली प्रथम विंग कमांडर पूजा ठाकुर ऐसे अधिकारियों के नाम है जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है एवं महिलाओं के प्रति सारी अवधारणाओं को गलत साबित कर एक सशक्त छवि को निरूपित किया है। महिलाओं की शारीरिक बनावट तथा उनके शारीरिक विन्यास को देखते हुए प्रतिरक्षा सेवा में उनकी भूमिका बहुत कम रही है,हम मां दुर्गा भवानी की पूजा करते हैं और महिलाओं को कमजोर समझते हैं। किंतु उनकी शक्ति को उनकी भागीदारी को अंततः स्वीकार किया गया और 1992 में पहली बार भारतीय सेना में महिलाओं के लिए द्वार खोले गए एवं 25 महिला कैंडिडेट को ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी गया में ट्रेनिंग दी गई इसके पूर्व सिर्फ चिकित्सा सेवा में महिलाओं को नियुक्त किया जाता रहा है। सेना में इनकी भागीदारी होते हुए भी इन्हें पुरुषों के समान अधिकार नहीं दिए गए थे, महिलाएं रक्षा सेवा में विधिक, शिक्षा, इंजीनियरिंग, इंटेलिजेंस तथा ऐयर सिग्नल कोर में अपनी सेवाएं देती रही हैं ।महिलाओं को केवल शॉर्ट सर्विस कमिशन जाने की 14 साल तक के लिए कमीशन किया जाता रहा जबकि पूरे समय के लिए केवल पुरुषों को ही सेना में भर्ती किया जाता था। 2008 में उच्च न्यायालय के निर्देश पर महिलाओं को परमानेंट कमिशन पर रखा जाने लगा।यह नारी सशक्तिकरण के लिए एक सशक्त मील का पत्थर साबित हुआ। सेना की सैन्य प्रमुखों की समिति ने सशस्त्र बलों में महिलाओं की नियुक्ति पर स्थाई कमीशन की सिफारिश तो की किंतु इन्हें लड़ाकू सैनिकों की भूमिका देने से इनकार कर दिया उसके पीछे यह दलील दी गई की महिलाओं को लड़ाई के मैदान में भेजना उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए ठीक नहीं एवं देश की संस्कृति के अनुसार महिलाओं को दुश्मन से लड़ने भेजना अथवा दुश्मन द्वारा पकड़े जाने पर उचित नहीं होगा। इसलिए महिलाओं को फ्रंटलाइन में नियुक्त किया जाना उचित नहीं होगा किंतु बाद में कुछ संशोधन किए जाने के पश्चात महिला अधिकारी कॉम्बैट जोन में पदस्थ की जाने लगी किंतु समाज का नजरिया महिलाओं के संदर्भ में बदलने लगा एवं 2016 में सशस्त्र बलों के कॉम्बैट क्षेत्र में महिलाओं को नियुक्ति देने की बात स्वीकार की गई इसमें दुनिया में कुछ देश ही हैं जिन्होंने महिलाओं को वार फ्रंट पर नियुक्त किया है। पूर्व के थल सेना प्रमुख बिपिन रावत ने भी कहा था कि हम महिला और पुरुष को समान रूप से देखना चाहते एवं इसके लिए जल थल और वायु सेना एक रूपरेखा तैयार कर रही है जिसके सुखद परिणाम भी होंगे,सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी मजबूत रूप से सामने आएगी एवं पुरुषों की भांति देश की रक्षा तथा दुश्मनों से लोहा लेने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगीं।

# मासूम जिंदगियों को लिलती मानव तस्करी की भयावहता

आज देश में बड़े पैमाने पर समस्याओं की बाढ़ सी आ गयी है, तेजी से बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, बीमारियां, प्रदूषण, मिलावटखोरी, संस्कारहीन व्यवहार, डॉलर के मुकाबले लगातार गिरता रुपया, देश पर बढ़ता कर्ज, बढ़ता अपराध का ग्राफ, भ्रष्टाचार, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन जैसी अनेक समस्याएं समाज को खोखला कर रही है। ऐसी समस्याएं नयी समस्याओं को जन्म देती है, जिसमे से "मानव तस्करी" प्रमुख है। विश्वभर में बड़े स्तर पर मानव तस्करी का भयावह जाल फैला हुआ है, मानव तस्करी द्वारा मासूम जिंदगियों को जीते-जी जानवरों से भी बदतर नरकीय यातना देकर, गुलाम बनाकर अमानवीय व्यवहार किया जाता है। पुरुष, महिलाएं और सभी उम्र और सभी पृष्ठभूमि के बच्चे इस अपराध के शिकार हो सकते हैं। इसे भारत का दूसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध माना जाता है। व्यावसायिक यौन शोषण और जबरन विवाह के उद्देश्य से देश के भीतर महिलाओं और लड़कियों की तस्करी की जाती है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां लिंग अनुपात पुरुषों के पक्ष में अत्यधिक विषम है। पुरुषों और लड़कों का अवैध व्यापार श्रम के उद्देश्य से किया जाता है, मानव अंग तस्करी की जाती है और अवैध व्यापार करने वालों द्वारा जिगोलो, मालिश विशेषज्ञ, अनुरक्षक आदि के रूप में काम करने के लिए उनका यौन शोषण किया जा सकता है। बच्चों को कारखाने के श्रमिकों, घरेलू नौकरों, भिखारियों, और के रूप में जबरन श्रम के अधीन किया जाता है। कृषि श्रमिकों, और कुछ आतंकवादी और विद्रोही समूहों द्वारा सशस्त्र लड़ाकों के रूप में इस्तेमाल किया गया है।

विश्व मानव तस्करी रोधी दिवस पर इस वर्ष 2022 की थीम "प्रौद्योगिकी का उपयोग और दुरुपयोग" है, एक उपकरण के रूप में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर केंद्रित है जो मानव तस्करी को सक्षम और बाधित दोनों कर सकता है, इसलिए जागरूकता सबसे जरूरी है।

2018 के ग्लोबल स्लेवरी इंडेक्स अनुसार, 167 देशों में से, भारत 53 वें स्थान पर है। वर्तमान में 1.4 प्रतिशत आबादी गुलामी में काम करने के लिए मजबूर है। भारत में लगभग 18.3 मिलियन लोग आधुनिक गुलामी में जी रहे। कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण अनुसार, यह पाया गया कि 21% परिवार



अपनी बढ़ी हुई आर्थिक संकट स्थिति के कारण बच्चों को बाल श्रम में भेजने के लिए संभावित रूप से तैयार हैं। 2020 में वैश्विक स्तर पर गरीबी की वजह से 500,000 अधिक लड़कियों की जबरन शादी होने का अनुमान सेव द चिल्ड्रन ने लगाया था। जब कोरोना काल में जून और जुलाई में लॉकडाउन में ढील दी गई, तो बाल विवाह में वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17% अधिक वृद्धि थी। लॉकडाउन के दौरान एक समय में, 11 दिनों के दौरान, सरकारी हेल्पलाइन पर बाल शोषण के 92,000 मामले दर्ज किए गए थे। भारत में लीगल सर्विसेज अनुसार, हर घंटे चार लड़कियां देहव्यापार में धकेल दी जाती हैं, जिनमें से तीन उनकी इच्छा के विरुद्ध होती हैं। 2019 में, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चला कि भारत में 1,19,617 बच्चे लापता बताए गए थे। हर महीने 64,851 बच्चे, महिलाएं और पुरुष लापता हो जाते हैं। भारत में अनुमानित रूप से 3,00,000 बाल भिखारी हैं। अप्रैल 2020 और जून 2021 के बीच, 9,000 से अधिक बच्चों को तस्करों से बचाया गया।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा नवीनतम रिपोर्ट अनुसार दुनियाभर में अनुमानित 40.3 मिलियन पीड़ित आधुनिक गुलामी में फंसे हुए हैं। 27 मिलियन वयस्क और 13 मिलियन बच्चे मानव तस्करी के शिकार हैं। 24.9 मिलियन का जबरन श्रम के लिए शोषण और 15.4 मिलियन संख्या जबरन विवाह से है। दुनिया में प्रति 1,000 लोगों पर 5.4 आधुनिक गुलामी के शिकार हैं। दुनिया भर में तस्करी के शिकार 71 फीसदी महिलाएं और लड़कियां हैं और 29 फीसदी पुरुष और लड़के हैं। आधुनिक गुलामी का शिकार 4 में से 1 बच्चा है। घरेलू काम, निर्माण या कृषि जैसे निजी क्षेत्र में 16 मिलियन लोगों का शोषण किया जाता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने खुलासा किया है कि सालाना लगभग 40,000 बच्चों का अपहरण किया जाता है, जिनमें से 11,000 का पता नहीं लगाया जा सकता है और भारत में मानव तस्करी का केवल 10% ही अंतर्राष्ट्रीय है, जबकि 90% अंतर्राज्यीय है। हालांकि जबरन और बंधुआ मजदूरी का कोई विश्वसनीय अध्ययन पूरा नहीं हुआ है, गैर सरकारी संगठनों का अनुमान है कि यह समस्या 20 से 65 मिलियन भारतीयों को प्रभावित करती है। मानव तस्करी से अवैध व्यापार करने वालों को सालाना लगभग 150 अरब डॉलर का वैश्विक मुनाफा होता है,

**जब कोरोना काल में जून और जुलाई में लॉकडाउन में ढील दी गई, तो बाल विवाह में वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17% अधिक वृद्धि थी। लॉकडाउन के दौरान एक समय में, 11 दिनों के दौरान, सरकारी हेल्पलाइन पर बाल शोषण के 92,000 मामले दर्ज किए गए थे। भारत में लीगल सर्विसेज अनुसार, हर घंटे चार लड़कियां देहव्यापार में धकेल दी जाती हैं, जिनमें से तीन उनकी इच्छा के विरुद्ध होती हैं।**

जिसमें से 99 अरब डॉलर व्यावसायिक यौन शोषण से आता है।

भारत में मानव तस्करी अपराध प्रतिबंधित कानून

-अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और बेगार (बिना भुगतान के जबरन श्रम) को प्रतिबंधित करता है।

-अनुच्छेद 24 यह 14 साल से कम उम्र के बच्चों को कारखानों और खानों जैसे खतरनाक कामों में रोजगार देने से मना करता है।

-भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) धारा 370 और 370ए मानव तस्करी के खतरे का मुकाबला करने के लिए व्यापक उपाय प्रदान करती है, जिसमें शारीरिक शोषण या किसी भी रूप में यौन शोषण, दासता, या मानव अंगों को जबरन निकालने सहित किसी भी रूप में शोषण के लिए बच्चों की तस्करी शामिल है।

-धारा 372 और 373 देह व्यापार के उद्देश्य से लड़कियों को बेचने और खरीदने से संबंधित है।

-अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 (आईटीपीए) व्यावसायिक यौन शोषण के लिए तस्करी की रोकथाम के लिए प्रमुख कानून है।

- महिलाओं और बच्चों की तस्करी से संबंधित अन्य विशिष्ट कानून बनाए गए हैं जैसे - बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, बंधुआ श्रम प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम 1976, बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986, मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994।

-यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम 2012, बच्चों को यौन शोषण और अत्याचार से बचाने के लिए एक विशेष कानून है।

मानव तस्करी एक गंभीर अपराध है। सम्बंधित समस्या होने पर, शक्ति वाहिनी को +91-11-42244224, +91-9582909025 नंबर या राष्ट्रीय हेल्पलाइन चाइल्ड लाइन 1098 पर कॉल करें। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन (संकट में) 1091, महिला हेल्पलाइन (घरेलू दुर्व्यवहार) 181, राष्ट्रीय महिला आयोग (घरेलू हिंसा, यौन हिंसा और उत्पीड़न के लिए हेल्पलाइन) 07827170170, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) 011-26942369, 26944754, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग 011-23385368/09810298900 और राष्ट्रीय महिला आयोग (दिल्ली) में शिकायत दर्ज करने हेतु : 011-26944880, 26944883 नंबर पर संपर्क कर सकते है।

थोड़ी सी सावधानियां और जागरूकता द्वारा हम ऐसी समस्याओं से काफी हद तक दूर रह सकते है

मानव तस्करी में शिकार को फांसने के लिए इंटरनेट बहुत बड़ा जरिया है, इंटरनेट का संभलकर उपयोग करें, आधुनिकता के अंधे कुए में गोता लगाने के पहले सीमाएं और सावधानियों को समझ लेना जरुरी है।

बच्चों को इंटरनेट के उपयोग के सही मायने समझाएं।

# 'रोजगार का अधिकार' नियम पारित करें सरकार !

**डॉ. अजय कुमार मिश्रा**

बाजारवाद आम जन पर अब भारी पड़ रहा है। जरूरतों और आवश्यकताओं में प्राथमिकता का निर्धारण क्षणिक विचार पर होने लगा है। पर वास्तविकता इसके साथ - साथ यह भी है की वैश्वीकरण की वर्तमान परिस्थति में आपका बाजार के प्रभाव से बचना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन जैसा है बाजारवाद आपको खुशी वस्तुओं और सेवाओं के जरिये देता है, जिसे पाने के लिए आपके जेब में पर्याप्त मात्रा में पैंसों का होना अनिवार्य है और ये पैसे तभी प्राप्त हो सकतें है, जबकि आपके द्वारा रोजगार या स्वरोजगार किया जाए। रोजगार करना आसान है क्योंकि इसके लिए पूंजी की आवश्यकता नहीं होती, जबकि स्वरोजगार के लिए पूंजी की आवश्यकता व्यवसाय की श्रेणी और स्वरुप पर निर्भर करती है। भारत में अधिकांश आबादी दिन-प्रतिदिन की समस्याओं से दो चार हो रही है। एक खुशियों और आवश्यक्ताओं को कल के लिए टाल करके लोग जिंदगी की गुजर बसर कर रहें हैं। महँगाई की जमीनी हकीकत किसी से नहीं छिपी है। ऐसे में सबकी पहली प्राथमिकता रोजगार पाना है। हाँलाकि पिछले कुछ वर्षो में केंद्र सरकार की पहल से स्वरोजगार करने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है पर फिर भी रोजगार की मांग कही अधिक है। हाल ही में केंद्र सरकार के द्वारा सेना की नियुक्ति में किये गए बदलाव के विरोध ने यह भी सोचने पर विवश किया कि आर्थिक रूप से पिछड़े राज्यों में रोजगार के जहाँ अवसर पहले से कम है और सरकार के थोड़े परिवर्तन से सबसे प्रभावित वही लोग महसूस कर रहें है। नतीजन विरोध का जन्म होता है। यानि की यदि हम बात अवसर की करें तो वह रोजगार के क्षेत्र में दिन प्रतिदिन सिकुड़ता चला जा रहा है या यूँ कहें की सीमित होता चला जा रहा है। हाल ही में एक खबर ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसके अनुसार - पिछले 8 वर्षो में नौकरी के लिए केंद्र सरकार को लगभग 22 करोड़ से अधिक आवेदनो प्राप्त हुए जिनमे से मात्र 7.22 लाख लोगों को ही नौकरियां प्राप्त हो सकी। यदि इन आकड़ों को प्रतिशत के रूप में देखा जाए तो सरकार एक प्रतिशत लोगों को भी रोजगार नहीं दे पायी। औसतन एक लाख से भी कम यानि की 90 हजार नियुक्तियां केंद्र सरकार द्वारा इन 8 वर्षो में प्रतिवर्ष की गयी है। विपक्ष के साथ झ साथ कई बुद्धजीवी भी सरकार की इस विषय में जोरदार आलोचना कर रहें है। इस आलोचना के पीछे तर्क यह भी है कि केंद्र सरकार ने प्रतिवर्ष दो करोड़ लोगों को नौकरियां देने की बात कही थी। 22 करोड़ पर एक आश्रित जोड़े तो कुल 44 करोड़ लोगों का हित रोजगार न होने से प्रभावित होता दिख रहा है। सरकार द्वारा बताये गए आकड़ों का विवरण देखना इस लिए भी जरुरी है कि वास्तविक रूप से उसका मूल्याङ्कन किया जा सकेंउक्त आकड़ें देश में बेरोजगारी की विषम परिस्थिति को बिना किसी तर्क और विवरण के ही प्रस्तुत कर रहें है।

वेबसाइट वल्ड़ोमीटर के अनुसार देश की अनुमानित वर्तमान आबादी 153 करोड़ है। जिनमे से 22 करोड़ लोगों का बेरोजगार होना एक बड़ा प्रश्न खड़ा कर रहा है। केंद्र सरकार द्वारा यह भी कहा गया है की वर्ष 2024 तक 10 लाख युवाओं को नौकरियां प्रदान की जाएगी।

ऐसे में सरकार पर ढेरों प्रश्न उठना स्वाभाविक है, जो सरकार 8 वर्षो में 10 लाख नौकरियां नहीं दे पायी, वह सरकार आगामी ढेड वर्षो में 10 लाख नौकरियां कैसे देगी ? स्वयं भारतीय जनता पार्टी के सांसद श्री वरुण गाँधी ने सरकार का इस मुद्दे पर जोरदार विरोध करतें हुए कहा है की ये आकड़ें बेरोजगारी का आलम बयाँ कर रहे है और उन्होंने सरकार से भी पूछा की जब देश में करीब एक करोड़ स्वीकृत पद खाली पड़े है तब इस स्थिति का जिम्मेदार कौन है ?

केंद्र सरकार और राज्य सरकारें सयुंक्त रूप से इस बेरोजगारी के लिए जिम्मेदार बनायीं जा सकती है क्योंकि सरकार का कार्य न केवल सामाजिक विकास करना है बल्कि अपनी प्रजा को रोजगार मुहैया कराना भी है।

निजीकरण की चल रही इस आंधी में युवा बेरोजगारी न केवल बढ़ती चली जा रही है, बल्कि सरकार द्वारा हाथ पीछे खीचने से कई समस्याएं स्वतः जन्म लेने लगी है जो किसी भी देश के विकास के लिए बड़ी बाधा बन सकती है। किसी भी नियुक्ति की कड़ी प्रतिस्पर्धा इस बात का धोतक है की अवसर सीमित होने से भीड़ कितनी बढ़ जाती है। जिन लोगों को रोजगार नहीं मिलता, उन्हें यह जिम्मेदार बनाया जाता है की वो लोग योग्य नहीं है। कभी इस विषय पर बात नहीं होती की सभी के योग्यता के अनुरूप रोजगार नीति देश में कब बनायीं जाएगी। एक दो नहीं रोजगार के क्षेत्र में अनेकों असामनता भी देखने को मिलती है और कई संगठन वर्षो से संघर्ष भी कर रहें है पर उनकी बातों को सुनने और समझने का समय किसी भी सरकार के पास नहीं है। बेरोजगारी के किसी भी आँकड़ों की गणना और तुलना करने से भी बेहतर है की आप ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का भ्रमण कर लीजिये युवाओं की बेरोजगार फौज सभी प्रश्नों और आकड़ों का सीधा जबाब दे देगी। अब देश में जरूरत है की केंद्र और राज्य सरकार मिलकर के इस विस्फोटक बेरोजगारी के इस हालात को नियंत्रित करने के लिए न केवल सदन, विधानसभा में खुली बहस करें बल्कि "रोजगार का अधिकार" अधिनियम बनाये। जिसमे योग्यता के अनुरूप सभी को रोजगार प्राथमिक रूप में और रोजगार न होने की अपेक्षा में अनिवार्य स्वरोजगार की बाध्यता हो। क्योंकि रोजगार देने या स्वरोजगार की अनिवार्यता कर देने से न केवल व्यक्ति का जीवन बेहतर होगा बल्कि देश भी आर्थिक रूप से मजबूती के साथ प्रगति करेगा।

# हिंदी साहित्य जगत में मुंशी प्रेमचंद जैसा अनमोल रत्न न कोई हुआ न कोई होगा

**साथियों बात अगर हम मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक विशेषताओं की करें तो,प्रेमचंद की रचनादृष्टि, विभिन्न साहित्य रूपों में, अभिव्यक्त हुई। वह बहुमुखी प्रतिभा संपन्न साहित्यकार थे।**

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से अनेक क्षेत्रों में अनेक अनमोल व्यक्तियों का सृजन हुआ है। स्थितियों परिस्थितियों के अनुसार उनको अनमोल कौशलता उनको विरासत, गॉड गिफ्टेड, अपनी मेहनत, अपने बौद्धिक कौशलता से मिला है, परंतु सबसे महत्वपूर्ण संज्ञान सामान्यतः उस व्यक्तित्व पर लिया जाता है जिसको बिना किसी विरासत, गॉड गिफ्टेड के अपनी मेहनत संघर्ष काबिलियत और बौद्धिक क्षमता के आधार पर सफलताओं के झंडे गाड़कर न सिर्फ अपने कौशलता से अपने उस साहित्यिक या किसी अन्य क्षेत्र से न केवल अपने शहर,राज्य का नाम रोशन किया बल्कि अपने देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश की प्रतिष्ठा को भी बढ़ाया ऐसे तो अनेक एक से एक महानुभाव व्यक्तित्व हैं परंतु चूंकि 31 जुलाई को साहित्य जगत के एक तरह से पितामह मुंशी प्रेमचंद की 143 वीं जयंती है इसलिए आज उनकी साहित्य सेवा संघर्ष और बौद्धिक क्षमता पर इस आर्टिकल के माध्यम से इस हिंदी साहित्य जगत के अनमोल नायाब हीरे की चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम इनके व्यक्तित्व और प्रतिष्ठा प्रसिद्धि और शोहरत की करें तो मेरा मानना है कि हर कामकाजी क्षेत्र से सलंग्न मनीषियों में बहुत कम लोग ऐसे होंगे जो इस नाम को नहीं जानते होंगे क्योंकि हम स्कूलों में ही मुंशी प्रेमचंद का संज्ञान पाठ्य पुस्तकों में ले चुके हैं फिर भी हम उनके बारे में कुछ जानकर अपनी यादों को ताजा कर सकते हैं। मुंशी प्रेमचंद (जन्म- 31 जुलाई, 1880 - मृत्यु- 8 अक्टूबर, 1936) भारत के उपन्यास सम्राट माने जाते हैं जिनके युग का विस्तार सन् 1880 से 1936 तक है। यह कालखण्ड भारत के इतिहास में बहुत महत्त्व का है। इस युग में भारत का स्वतंत्रता-संग्राम नई मंज़िलों से गुजरा। प्रेमचंद का वास्तविक नाम धनपत राय श्रीवास्तव था। वे एक सफल लेखक, देशभक्त नागरिक, कुशल वक्ता, जिम्मेदार संपादक और संवेदनशील रचनाकार थे। बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में जब हिन्दी में काम करने की तकनीकी सुविधाएं नहीं थीं फिर भी इतना काम करने वाला लेखक उनके सिवा कोई दूसरा नहीं हुआ।

साथियों बात अगर हम मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक विशेषताओं की करें तो,प्रेमचंद की रचनादृष्टि, विभिन्न साहित्य रूपों में, अभिव्यक्त हुई। वह बहुमुखी प्रतिभा संपन्न साहित्यकार थे। प्रेमचंद की रचनाओं में तत्कालीन इतिहास बोलता है। उन्होंने अपनी रचनाओं में जन साधारण की भावनाओं, परिस्थितियों और उनकी समस्याओं का मार्मिक चित्रण किया। उनकी कृतियां भारत के सर्वाधिक विशाल और विस्तृत वर्ग की कृतियां हैं। अपनी कहानियों से प्रेमचंद मानवस्वभाव की आधारभूत महत्ता पर बल देते हैं।हिंदी कथा-साहित्य को तिलस्मी कहानियों के झुरमुट से निकालकर जीवन के यथार्थ की ओर मोड़कर ले जाने वाले कथाकार मुंशी प्रेमचंद देश ही नहीं, दुनिया में विख्यात हुए और 'कथा सम्राट' कहलाए। उन्होंने आमजन की पीड़ा को शब्दों में पिरोया, यही वजह है कि उनकी हर रचना कालजयी है।

साथियों संस्कृति के श्लोकों में भी आया है, विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन। स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते।। अर्थ एक विद्वान और राजा की कभी कोई तुलना नहीं की जा सकती। क्योंकि राजा तो केवल अपने राज्य में सम्मान पाता है वही एक विद्वान हर जगह सम्मान पाता है। प्रेमचन्द के उपन्यास हैं- गबन, बाजार-ए-हुस्न (उर्दू में), सेवा सदन, गोदान, कर्मभूमि, कायाकल्प, मनोरमा, निर्मला, प्रतिज्ञा, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, वरदान प्रेमा और मंगल सूत्र (अपूर्ण) प्रेमचंद्र ने लगभग 300 कहानियां तथा चौदह बड़े उपन्यास लिखे. सन् 1935 में मुंशी जी बहुत बीमार पड़ गए और 8 अक्टूबर 1936 को 56 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया उनके रचे साहित्य का विदेशी सहित लगभग सभी भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। प्रेमचंद ऐसे कालजयी उपन्या्सकार थे, जिन्होंने अपनी लेखनी के दम पर पूरे विश्वी में पहचान बनाई। मुंशी प्रेमचंद का व्यक्तित्व बड़ा ही साधारण था।

# समझकर भी नासमझ बनने की कला

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

पत्नी की बातें सुन नटवर कुछ देर के लिए चुप रहा। वह कहे तो भी क्या कहे। शादी के शुरूआती दिनों में थोड़ा-बहुत मुँह खुलता था। लेकिन पत्नी के परिजनों की बहुमत के सामने इनके तोते विपक्षी दल की तरह उड़ जाते थे। पहले पहल बहुत सी शिकायतें की। कोई लाभ नहीं हुआ। उल्टे लोगों के ताने-उलाहने सुनने पड़े। किसी ने कहा इतने दिनों तक कुँवारे बैठे रहे। जैसे-तैसे शादी हुई तो मीनमेख निकालने लगे। नई सरकार को सत्ता संभालने के लिए भी जनता पाँच साल देती है। क्या तुम कुछ दिन अडजस्ट नहीं कर सकते। तुम बड़े किस्मत वाले हो जो तुम्हारी शादी हो गई। वरना आज के दिनों में अच्छी लड़की और सरकार भला किसी को मिलती है? यही सब कुछ कह-कहकर नटवर को लोगों ने पत्नी पुराण महिमा के नीचे ऐसा धर दबोचा कि किसी के सामने उनकी बोलती खुलना तो दूर सोचने से भी उनके रोंगटे खड़े हो उठते हैं पत्नी के बार-बार पति के मन की बात पूछने की चेष्टा ने इस बार नटवर को झकझोर दिया था। बहुत दिनों तक सत्ता से बेदखल विपक्ष की कुबुलाहट उनके भीतर दिखी। एकदम से उठे और बोले- देखो भाग्यवान! प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं, तो उनके पास मन भी होता है। मैं तो अपना मन कब का मार चुका हूँ। शेक्सपियर ने कहा था कि एक अच्छा जोड़ा वही होता है जिसमें पत्नी अंधी और पति बहरा हो। न पत्नी कुछ देखेगी, न कुछ बोलेगी। यदि बोल भी देती है तो पति तो पहले से बहरा है। वह खाक सुनेगा। मैं भी कुछ उसी तरह का हूँ। तुम कुछ भी बोल देती हो उसे मैं ऐसे सुनता हूँ जैसे मैंने कुछ सुना ही नहीं। प्रधानमंत्री अपनी मन की बातें मनवाने के लिए सीबीआई, ईडी, सेना, जाँच अधिकारियों की बड़ी खेप रखते हैं। मेरे पास क्या है? मन की बात मनवाने के लिए ताकत होनी चाहिए, जो कि मेरे पास नहीं है। दुनिया में जीने के दो ही तरीके हैं। एक जो गलत हो रहा है उसके खिलाफ आवाज उठाओ। उसके लिए हाथ में सत्ता होनी चाहिए। जो कि मेरे पास नहीं है। दूसरा तरीका है जो कुछ गलत हो रहा है उसे होने दो। चुपचाप पड़े रहने दो। इससे खुद का भला होता ही है और सामने वाले का मन भी शांत रहता है। मैं इस उम्र में भगतसिंह नहीं बनना चाहता।


## राष्ट्रमंडल खेल : भारत ने बैडमिंटन में पाकिस्तान को शिकस्त देकर शुरू किया अभियान

**बर्मिंघम।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 22वें राष्ट्रमंडल खेलों के अपने पहले टीम मुकाबले में पाकिस्तान पर आसानी से 3-0 अजेय बढ़त बना ली। बी सुमित रेड्डी और माचिमांडा पोनप्पा की जोड़ी ने यहां के 'राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र' में



मिश्रित युगल मुकाबले में मुहम्मद इरफान सईद भट्टी और गजाला सिद्दीकी पर 21-9, 21-12 से एकतरफा जीत के साथ इन खेलों में टीम का सफर शुरू किया। मिश्रित जोड़ी की सफलता को किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल मुकाबले में आगे बढ़ाते हुए मुराद अली को आसानी से 21-7, 21-12 से शिकस्त दी। भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा महिला एकल के मैच में भी जारी रहा जहां दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली पीवी सिंधू को इसके बाद महिला एकल मैच में महूर शहजाद को हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। सिंधू ने 21-7, 21-6 से शानदार जीत दर्ज की।

## भारत ने सैफ अंडर-20 चैम्पियनशिप में श्रीलंका को हराया




**भुवनेश्वर।** पार्थिव गोगोई के दो गोल के दम पर भारत ने सैफ अंडर-20 फुटबॉल चैम्पियनशिप में श्रीलंका के खिलाफ दबदबा बनाने हुए 4-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। मैच का शुरूआती हाफ गोल रहित रहा लेकिन दूसरे हाफ में भारत के आक्रामक खेल का श्रीलंका के पास कोई जवाब नहीं था। कलिंगा स्टेडियम में हिमांशु जांगड़ा (50वें मिनट) ने भारत का खाता खेला और इसके बाद पार्थिव गोगोई (69वें मिनट) ने टीम की बढ़त को दोगुना किया। इसके 4 मिनट बाद ही गुरकीरत सिंह (73वें मिनट) ने भारत की बढ़त को 3-0 कर दिया। मैच खत्म होने से कुछ क्षण पहले गोगोई ने एक और गोल कर टीम को बड़ी जीत दिला दी।

## जेम्स नीशम का टी-20 फॉर्म चर्चा में, 5 मैचों में 240+ की स. रेट से ठोक रहे रन



**एडिनबर्ग।** न्यूजीलैंड के ऑलराऊंडर जेम्स नीशम ने चोट के बाद जबरदस्त वापसी की है। अक्सर सोशल मीडिया पर अपने मजेदार जवाबों के कारण चर्चा में रहते नीशम अब बल्ले से भी कमाल दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। न्यूजीलैंड के लिए मध्यक्रम की जान नीशन ने अगर पिछ्ले 5 मुकाबले देखे जाएं तो वह करीब 240 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे मैच में केवल छह गेंदों में 23 रन बनाकर सबको चौका दिया था।

**देखें उनके स्कोर-**

बनाम आयरलैंड पहला टी-20 : 29 (16 गेंद) स. रेट 181.25
बनाम आयरलैंड दूसरा टी-20 : 1* (2 गेंद) स. रेट 50.00
बनाम आयरलैंड तीसरा टी-20 :23* (6 गेंद) स. रेट 383.33
बनाम स्कॉटलैंड पहला टी-20 :30 (9 गेंद) स. रेट 333.33
बनाम स्कॉटलैंड दूसरा टी-20: 28* (12 गेंद) स. रेट 233.33

# टीम इंडिया ने 68 रनों से जीता त्रिनिदाद टी-20, लीड हुई 1-0

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** भारत ने वनडे सीरीज जीतने के बाद टी-20 सीरीज में भी बढिया़ शुरूआत की है। त्रिनिदाद के मैदान पर टीम इंडिया ने विंडीज के खिलाफ पहला मुकाबला 68 रनों से जीत लिया। इस मैच से आराम कर रहे रोहित शर्मा की बतौर कप्तान टीम इंडिया में वापसी हुई थी। टॉस विंडीज कप्तान निकोल्स पूरण ने जीता और गेंदबाजी चुनी। भारत ने रोहित शर्मा के 64 और दिनेश कार्तिक के 41 रनों की बदौलत 190 रन बनाए। जवाब में विंडीज टीम महज 122 रन ही बना सकी। भारत ने यह मुकाबला 68 रनों से जीता और सीरीज में 1-0 की लीड बना ली।



**भारत (पहली पारी)**

टीम इंडिया की ओर से रोहित शर्मा के साथ सूर्यकुमार यादवने पारी की शुरूआत की। सूर्यकुमार अच्छे टच में दिखे उन्होंने 16 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाए। श्रेयस कुछ खास नहीं कर पाए और शून्य पर पवेलियन लौट गए। रिषभ पंत से टीम को उम्मीदें थी लेकिन वह 12 गेंदों में 14 रन बनाकर कीमो पॉल की गेंद पर आऊट हो गए। हालांकि एक छोर पर खड़े रोहित शर्मा ने जरूर रन बनाने जारी रखे। हार्दिक भी महज 1 रन बनाकर आऊट हो गए। इसी बीच रोहित ने अपना अर्धशतक पूरा किया। रोहित 64 रन बनाकर होल्डर की गेंद पर हेटमायर को कैच थमा बैठे। इसके बाद रविंद्र जडेजा भी महज 16 रन बनाकर अल्जारी जोसेफ की गेंद पर आऊट हो गए। इसके बाद दिनेश कार्तिक (41) ने अश्विन के साथ मिलकर टीम को स्कोर मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

**विंडीज (दूसरी पारी)**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंडीज टीम ने तेजतर्रार शुरूआत की। अकेले काइल मायर्स ने ही 6 गेंदों में 15 रन बना दिए। उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने भुवी के हाथों कैच आऊट कराया। रविंद्र जडेजा ने गेंद थामी और पहली ही ओवर में जेसन होल्डर को बोल्ड कर दिया। होल्डर खाता भी नहीं खोल पाए। भुवी ने भी शमरह ब्रूक्स को पवेलियन लौटाकर विंडीज को बड़ा झटका दिया। विंडीज को कप्तान निकोल्स पूरण से उम्मीदें थी लेकिन भारतीय स्पिनर रवि अश्विन ने उनकी विकेट निकालकर भारत को फ्रंटफुट पर ला खड़ा किया।रवि बिश्नोई ने आते ही रोवमैन पॉवेल (14) को पवेलियन की राह दिखा दी। हेटमायर को आऊट कर अश्विन ने अपनी दूसरी विकेट हासिल की। इसके बाद बिश्नोई ने ओडियन स्मिथ को स्टंप आऊट करवाकर विंडीज का सातवां विकेट गिरा दिया। अर्शदीप ने अकिल हुसैन को बोल्ड कर विंडीज का आठवां झटका दिया। विंडीज टीम 122 रन ही बना पाई और 68 रन से मैच गंवा दिया।

## 4 विकेट लेकर बोलीं रेणुका ठाकुर- फिटनेस पर काम करने का मिला फायदा

**बर्मिंघम।** भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने कहा कि उन्हें पिछ्ले एक महीने में अपनी रफ्तार, फुर्ती और सहनशीलता पर किए गए काम का फायदा मिल रहा है। भारतीय टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों से पहले बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ट्रेनिंग की थी। पिछ्ले साल भारत के लिए पदार्पण करने वाली रेणुका ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों के शुरूआती मुकाबले में 18 रन देकर 4 झटके, हालांक टीम को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। रेणुका ने मैच के बाद कहा कि मैं पिछ्ले एक महीने से अपनी फिटनेस पर काम कर रही थी। हमारा एक फिटनेस शिविर था जिसमें मैंने अपनी रफ्तार, फुर्ती और सहनशक्ति पर काम किया। मैं तेज गेंदबाज हूं तो इसलिए ये सभी



चीजें काफी अहम होती हैं। इससे मुझे काफी मदद मिली।

मैच में गेंदबाजी आल राउंडर पूजा वस्त्राकर की कमी महसूस हुई जो कोविड-19 संक्रमण के कारण बाहर हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पास केवल 2 तेज गेंदबाज हैं लेकिन आज की परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के मुफीद थीं। हमें पूजा की काफी कमी महसूस हुई। भारत का सामना रविवार को पाकिस्तान से होगा।

## पहला टी-20 जीतकर रोहित शर्मा का बयान आया सामने

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** रोहित शर्मा ने टीम इंडिया में विजय होकर वापसी की है। विंडीज के खिलाफ पहले ही टी-20 टीम इंडिया ने 68 रन से जीता। इस जीत में रोहित के 64 रनों की महत्वपूर्ण भूमिका भी रही। रोहित ने मैच के बाद पिच पर बात भी की। उन्होंने कहा- हम जानते थे कि यह पिच शुरूआत में थोड़ा कठिन होगा। यहां शॉट बनाना आसान नहीं था। जो खिलाड़ी तैयार हैं उन्हें अधिक समय तक आगे बढने् की जरूरत है और जिस तरह से हमने पहली पारी को समाप्त किया वह एक अच्छा प्रयास था। जब हमने पहले 10 ओवर पूरे किए, तो हमने नहीं सोचा था कि हम 190 तक पहुंच पाएंगे। यह लड़कों का शानदार प्रयास रहा। या कहें हमने शानदार फिनिश किया।

रोहित ने कहा- अच्छी बात यह है कि हम सुधार कर रहे हैं। हम आने वाले दिनों में कुछ चीजों को आजमाना चाहते हैं और हमें लगता है कि यह हमारे लिए अच्छा प्रयास होगा। हमें पता है कि आगामी दिनों में पिचें आपके अनुकूल नहीं भी हो सकती इसलिए हमें आंकलन करते रहना होगा कि आगे कैसे बढ़े। वैसे भी यह अपने कौशल और ताकत का समर्थन करने के बारे में है। रोहित बोले- मुझे यहां वेस्टइंडीज में खेलना पसंद है। भारतीय टीम को हमेशा संयुक्त राज्य अमेरिका से आने वाली भारतीय भीड़ और यहां की स्थानीय भीड़ से काफी समर्थन मिलता है। यह काफी शानदार है। रोहित शर्मा ने पहले टी-20 में 64 रन बनाने के साथ कई रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए। उन्होंने 44 गेंदों में सात चौके और दो छक्कों की मदद से 64 रन बनाए।

## भारत को बंधी पदक की आस, श्रीहरि नटराज 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा के फाइनल में

**बर्मिंघम।** भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों में पुरूषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा के सेमीफाइनल में 54.55 सेकंड के समय से सातवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वह अपनी हीट में चौथे और कुल 7वें स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। दक्षिण अफ्रीका के पीटर कोएत्जे ने दोनों सेमीफाइनल में सबसे तेज 53.67 सेकेंड का समय निकाला।

बेंगलुरू के 21 वर्ष के नटराज ने इससे पहले अपनी हीट में 54.68 सेकंड का समय निकालकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। वह अपनी हीट में तीसरे सबसे तेज और कुल 5वें सबसे तेज तैराक रहे थे। साजन प्रकाश और पहली बार खेल रहे कुशाग्र रावत अपने अपने वर्ग में सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सके।

प्रकाश पुरूषों की 50 मीटर बटरफ्लाय में अपनी हीट में आठवें स्थान पर रहे। उन्होंने 25.01 सेकंड का समय निकाला। शीर्ष 16 तैराक सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। कुशाग्र पुरूषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में 3.57.45 सेकंड का समय



*वह अपनी हीट में चौथे और कुल 7वें स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। दक्षिण अफीका के पीटर कोएत्जे ने दोनों सेमीफाइनल में सबसे तेज 53.67 सेकेंड का समय निकाला।*

निकालकर अपनी हीट में आखिरी स्थान पर रहे। कुशाग्र और प्रकाश अब दूसरे वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। प्रकाश पुरूषों की 100 और 200 मीटर बटरफ्लाय में जबकि कुशाग्र पुरूषों की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर फ्रीस्टाइल में उतरेंगे।

## शतरंज ओलिम्पियाड : क्लीन स्वीप के साथ भारत की दमदार शुरुआत, तानिया ने 6 घंटे में जीती रोमांचक बाजी

**मामल्लापुरम।** 44वें शतरंज ओलिम्पियाड में पहले दिन भारतीय टीम नें उम्मीद के अनुसार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मुक़ाबले जीतकर ना सिर्फ विरोधी टीमों को परास्त किया बल्कि साथ ही यह संदेश दिया है की हम इस मुक़ाबले के लिए पूरी तरह से तैयार है ।आपको बता दे की मेजबान होने के नाते भारत नें पुरुष और महिला वर्ग में 3-3 टीमें उतारी है और दोनों मुख्य टीम के अलावा भारत की बी और सी टीमों नें भी आज 4-0 से जीत हासिल की है ।

सबसे पहले बात करते है महिला वर्ग में शीर्ष वरीय भारतीय टीम की जिसने हरिका द्रोणावल्ली के बिना एक रोमांचक मुक़ाबले में तजाकिस्तान को पराजित किया ,टीम की शीर्ष खिलाड़ी कोनेरु हम्पी नें अंटोनोवा नड़हड़ा को पराजित कर टीम को पहली जीत दिलाई और उसके बाद वैशाली नें सबरीना अबरोवा को तो भक्ति कुलकर्णी नें मुतरीबा होतामी को मात देते हुए टीम को जीत दिला दी पर तानिया सचदेव सैदोवा



रुख्शोना के खिलाफ मुश्किल मे नजर आ रही थी पर तानिया नें गज़ब की वापसी करते हुए मैच में वापसी के लिए प्रयास किए और छह घंटे और 103 चालों तक चले मुक़ाबले में जीत दर्ज करते हुए टीम को 4-0 की मनोवैज्ञानिक बढ़त दिलाने वाली जीत दिला दी ।

भारत की पुरुष टीम नें शानदार खेल दिखाया ,मुख्य टीम आज शीर्ष खिलाड़ी पेंटाला हरीकृष्णा के बिना उतरी और उसनें जिम्बावे को क्लीन स्वीप करते हुए हराया टीम के लिए विदित गुजराती ,अर्जुन एरिगासी , सुनील नारायनन और अनुभवी कृष्णन शशिकिरण नें जीत दर्ज की , युवा सनसनी टीम बी नें यूएई को 4-0 से हराया जिसमें निहाल सरीन ,अधिबन भास्करन ,डी गुकेश और रौनक साधवानी नें जीत दर्ज की ,भारत की सी टीम नें सूडान को 4-0 से हराया और इस तरह पहले दिन भारत नें कुल 24 अंक बनाए ।

# हॉकी राष्ट्रमंडल खेल : भारत ने घाना को 5-0 से हराकर की दमदार शुरुआत

**बर्मिंघम।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों में घाना को मात देकर जीत के साथ शुरुआत की। भारत ने बर्मिंघम में खेले गए ग्रुप-ए के पहले मैच में घाना को 5-0 से हराया। भारत की ओर से गुरजीत कौर ने दो जबकि नेहा, संगीता कुमारी और सलीमा टेटे ने एक-एक गोल किया। गुरजीत कौर ने पहले क्वार्टर में भारत को शानदार शुरुआत दिलाते हुए तीसरे मिनट में ही पहला गोल किया। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करने के लिये गेंद को नेट के ऊपरी कोने में पहुंचाया। दूसरे क्वार्टर में घाना ने लय हासिल करना शुरू कर दी।

मैच के 27वें मिनट में घाना ने भारत के गोल पर निशाना साधा, लेकिन कप्तान और गोलकीपर सविता पूनिया ने



शानदार सेव के साथ भारत की बढ़त को बरकरार रखा। इसके फौरन बाद घाना को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन सविता ने एक बार फिर गेंद को नेट तक नहीं पहुंचने दिया। घाना का एक और पेनल्टी कॉर्नर चूकने के बाद भारत हमलावर हुआ। भारत ने हाफ टाइम से सिर्फ 3 मिनट पहले एक और गोल किया। नेहा ने घाना के नेट सर्किल में पहुंचकर शॉट मारा जो घाना की डिफेंडर के स्टिक से छिटककर नेट तक पहुंच गया और भारत की बढ़त 2-0 हो गई।

तीसरे और चौथे क्वार्टर में भारत ने घाना पर अपना शिकंजा और मज़बूती से कस लिया। संगीता कुमारी ने जहां भारत के लिये तीसरा गोल किया, वहीं गुरजीत ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर भारत को 4-0 की विशाल बढ़त दिला दी। अंत में सलीमा टेटे ने भारतीय वर्चस्व को 'फिनिशिंग टच' देते हुए टीम के लिए 5वां गोल किया और भारत ने घाना पर 5-0 की दमदार जीत दर्ज की।

# न्यूजीलैंड ने 17 छक्के ठोक बनाया टी-20 का रिकॉर्ड स्कोर, दर्ज की बड़ी जीत

**एडिनबर्ग।** न्यूजीलैंड ने एडिनबर्ग के मैदान पर अपने टी-20 इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर दर्ज कर दिया। स्कॉटलैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड के सभी गेंदबाजों ने जमकर बल्ला चलाया और स्कोर पांच विकेट के नुकसान पर 254 रन तक ले गए। न्यूजीलैंड को यहां तक पहुंचाने में मार्क चापमैन का अहम रोल रहा जिन्होंने 44 गेंदों में 5 चौके और 7 छक्कों की मदद से 83 रन बनाए।

**न्यूजीलैंड का टी-20 में सर्वाधिक स्कोर**

253/5 बनाम स्कॉटलैंड
243/5 बनाम विंडीज
243/6 बनाम ऑस्ट्रेलिया
238/3 बनाम विंडीज
225/5 बनाम स्कॉटलैंड

**टी-20 इतिहास में सबसे ज्यादा स्कोर (ओवरऑल)**

278/3 अफगानिस्तान बनाम आयरलैंड, 2019
263/3 ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका, 2016
260/6 श्रीलंका बनाम केन्या, 2007
260/5 भारत बनाम श्रीलंका, 2017



254/5 न्यूजीलैंड बनाम स्कॉटलैंड, 2022

मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की थी। फिन ऐलन के छह रन पर आऊट होने के बाद चापमैन ने डिरेल मिशेल के साथ स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों ने 33 गेंदों में 62 रन जोड़े। मिशेल ने जहां 19 गेंदों में 31 रन बनाए तो वहीं, माइकल ब्रेसवेल ने 25 गेंदों में आठ चौके और तीन छक्कों की मदद से 61 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। अंत में रही सही कसर जिमी नीशम ने निकाली जिन्होंने 12 गेंदों में एक चौके और तीन छक्कों की मदद से 28 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने इस तरह 20 ओवरों में 254 रन बनाए जिसके जवाब में स्कॉटलैंड की टीम 152 रन ही बना सकी।

न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड से पहला टी-20 मुकाबला 68 रनों से जीता था। न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए मार्टिन गुप्टिल के 31 गेंदों में 40 रनों की बदौलत अच्छी शुरूआत की थी। फिन ऐलन यहां 56 गेंदों में आठ चौके और छह छक्कों की मदद से 101 रन बनाने में कामयाब रहे थे। ग्लेन फिलिप्स ने 23, डिरेल मिशेल ने 23 तो नीशम ने 9 गेंदों में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 30 रन बनाकर टीम को 225 रनों तक पहुंचाया था। जवाब में स्कॉटलैंड की टीम 157 रन ही बना सकी।

# रोहित शर्मा ने ओपनिंग पर पूरे किए 9 हजार रन, अब सिर्फ यह बल्लेबाज ही आगे

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने विंडीज के खिलाफ पहले टी-20 मुकाबले में 64 रन बनाने के साथ कई रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए। रोहित रैस्ट के बाद टीम इंडिया से जुड़े हैं। उन्होंने पहले ही मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। भारत ने जब सूर्यकुमार 24, श्रेयस 0, पंत 14 और हार्दिक 1 के जल्द विकेट गंवाए तो रोहित ने अकेले ही भारत को 100 से पार पहुंचाया। उन्होंने 44 गेंदों में सात चौके और दो छक्कों की मदद से 64 रन बनाए। वह कई यूनीक रिकॉर्ड भी बना चुके हैं।

**ओपनिंग पर भारत के लिए सबसे अधिक रन**

9990 - सुनील गावस्कर
9021 - रोहित शर्मा*
6758 - गौतम गंभीर
5682 - सौरव गांगुली

**टी-20 में सबसे ज्यादा स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज**

3443 रोहित शर्मा, भारत
3399 मार्टिन गप्टिल, न्यूजीलैंड
3308 विराट कोहली, भारत
2984 पॉल स्टर्लिंग, आयरलैंड
2855 एरोन फिंच, ऑस्ट्रेलिया

**टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज**

169 मार्टिन गुप्टिल, न्यूजीलैंड
159 रोहित शर्मा, भारत
124 क्रिस गेल, विंडीज
120 इयॉन मोर्गन, इंगलैंड
117 एरोन फिंच, ऑस्ट्रेलिया

**टी20ई में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले कप्तान**

86 - इयोन मोर्गन
74 - एरोन इंच
59 - रोहित शर्मा
59 - विराट कोहली

**टी-20 में एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक छक्के**


35 - रोहित शर्मा बनाम विंडीज
34 - एरोन फिंच बनाम इंगलैंड
34 - हजरतुल्लाह जजई बनाम आयरलैंड
31- क्रिस गेल बनाम ऑस्ट्रेलिया
30 -क्रिस गेल बनाम इंगलैंड
30-क्रिस गेल बनाम दक्षिण अफ्रीका

बता दें कि टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा 50 + स्कोर बनाने के मामले में भी रोहित शर्मा पहले नंबर पर आ गए हैं।

# विदेश संदेश

## पाकिस्तान आतंकवादी हमले में हताहत चीनी नागरिकों को देगा मोटा मुआवजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने 36 चीनी नागरिकों को 1.15 करोड़ डॉलर से अधिक का मुआवजा देने का फैसला किया है।अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक बड़ी पनबिजली परियोजना पर काम रहे ये सभी लोग पिछले साल एक आतंकवादी हमले में हताहत हो गये थे। बृहस्पतिवार को वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक समन्वय समिति की बैठक हुई थी जिसमें क्षतिपूर्ति की रकम पर निर्णय लिया गया।



डॉन अखबार ने खबर दी कि समिति ने 408 डॉलर प्रति टन की दर से 200,000 टन गेहूं की निविदा मंजूर की तथा पिछले साल डासू पनबिजली परियोजना स्थल के समीप आत्मघाती बम हमले में हताहत हुए चीनी नागरिकों के लिए 1.16 करोड़ डॉलर के सद्भावना मुआवजे को मंजूरी दी।पिछले साल 13 अगस्त को खैबर पख्तूनख्वां प्रांत के कोहिस्तां जिले में डासू पनबिजली परियोजना स्थल पर चीनी कर्मियों को लेकर जा रही एक बस पर आत्मघाती हमला किया गया था। उस हमले में 10 चीनी नागरिकों की मौत हो गयी थी तथा 26 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। मारे गये लोगों में ज्यादातर अभियंता थे।

## रूस-चीन के साथ तनाव के बीच ब्लिंकन करेंगे एशिया और अफ्रीका की यात्रा

**वाशिंगटनः** अमेरिका के चीन एवं रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन एशिया और अफ्रीका की यात्रा करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय यह जानकारी दी। ब्लिंकन दोनों महाद्वीपों की पांच-दिवसीय यात्रा अगले सप्ताह कंबोडिया से आरंभ करेंगे, जहां वह दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्रीय सुरक्षा मंच की बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान चीनी और रूसी विदेश मंत्रियों के भी मौजूद रहने की संभावना है। बहरहाल, इस बात का तत्काल संकेत नहीं मिला है कि क्या ब्लिंकन उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे या नहीं।



इसके बाद ब्लिंकन फिलीपीन, दक्षिण अफ्रीका, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा जाएंगे। ब्लिंकन ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से फोन पर बात कर रूस में हिरासत में लिये गए दो अमेरिकियों की रिहाई से संबंधित अमेरिका की पेशकश को स्वीकार करने का आग्रह किया था। फरवरी में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद ब्लिंकन की अपने रूसी समकक्ष से यह पहली बातचीत है। इससे पहले ब्लिंकन ने बताया था कि अमेरिका ने अपने दो नागरिकों पॉल वीलन और डब्ल्यूएनबीए स्टार ब्रिटनी ग्रिनर की रिहाई के लिए रूस के सामने प्रस्ताव रखा है।

## उत्तरी जॉर्जिया में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 8 लोगों की मौत

**त्बिलिसीः** जॉर्जिया की सीमा पुलिस का एक हेलीकॉप्टर देश के उत्तरी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई। जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्री वख्तंग गोमेलौरी ने कहा कि दुर्घटना में सभी आठ लोगों की मौत हो गई। उन्होंने स्थानीय मीडिया को बताया, 'दुर्भाग्य से आठ लोगों की मौत हो गई। पैराग्लाइडिंग कर रहा एक व्यक्ति घायल हो गया और एक विदेशी पर्यटक की मौत हो गई।' बाद में जॉर्जिया प्रधानमंत्री इराकली गैरीबाशविली ने इस त्रासदी के कारण देश भर में शोक दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा कर दी। इससे पहले, जॉर्जिया के आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि देश के उत्तर में गुडौरी के शीतकालीन रिसॉर्ट शहर में एक बचाव अभियान पर निकला जॉर्जियाई सीमा पुलिस का हेलीकॉप्टर नियंत्रण खो बैठा और एक खड्ड में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



# अमेरिका के केंटकी में बाढ़, 25 लोगों की मौत

## मरने वालों में एक ही परिवार के 4 बच्चे भी शामिल, 50 हेलिकॉप्टर रेस्क्यू में जुटे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में तेजी से क्लाइमेट चेंज हो रहा है। देश का पश्चिमी हिस्सा जहां भीषण गर्मी और सूखे से बेहाल है, वहीं, दक्षिणी-पूर्वी हिस्से में भारी बारिश हो रही है। 27 जुलाई से हो रही बारिश के चलते केंटकी राज्य में बाढ़ आ गई है। यहां कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है।

केंटकी गवर्नर एंडी बेशियर ने कहा- मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बारिश के चलते इलैक्ट्रिसिटी सप्लाई बंद हो गई है। यहां 25,000 से ज्यादा घरों की बिजली गुल हो गई है। गंभीर हालात को देखते हुए इमरजेंसी लगाई गई है। एडमिनिस्ट्रेशन रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटा हुआ है।

**राहत और बचाव कार्य में लगे नेशनल गार्ड**





गवर्नर एंडी बेशियर ने बताया कि बाढ़ से नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे में नेशनल गार्ड की टीम लोकल एडमिनिस्ट्रेशन की मदद कर रही है। करीब 50 हेलिकॉप्टर, 100 बोट लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने में लगे हुए हैं।

**अगले 7 दिन बारिश का अलर्ट**

कई लोग घरों की छतों पर खड़े होकर अपनी जान बचा रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी दी कि केंटकी, वेस्ट वर्जीनिया के कुछ हिस्सों में इस हफ्ते भारी बारिश हो सकती है।

**एक ही परिवार के 4 बच्चों की मौत**

नॉट काउंटी (केंटकी का एक जिला) में एक ही परिवार के 4 बच्चों की मौत हो गई। बच्चों की उम्र 1 साल से 8 साल के बीच थी। 28 जुलाई को बच्चों के लापता होने की खबर सामने आई थी। आज उनके शव मिले। बच्चों के पेरेंट्स एंबर स्मिथ और रिले नोबल ने एक पेड़ पर चढ़कर खुद की जान बचा ली। दोनों 8 घंटे तक पेड़ पर ही चढ़े रहे। उन्होंने बताया कि कुच समय तक बच्चे उनके साथ थे। फिर एक सैलाब आया और बच्चे बह गए।

## इजराइल में 1 नवंबर को चुनावः भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद भी नेतन्याहू सबकी पसंद

**तेल अवीव।** इजरायल में 1 नवंबर को होने वाले आम चुनाव के लिए सियासी रस्साकशी उफान पर है। ताजा सर्वे बताते हैं कि यदि आज चुनाव हों तो पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाले गठबंधन को 120 सीट वाले सदन में सबसे ज्यादा 57 सीट मिल सकती है।

दूसरी तरफ, लिकुड पार्टी के टॉप 30 पदों के लिए सैकड़ों दावेदार अपने-अपने पोस्टर बैनर के साथ मैदान में हैं। इनमें कुछ पद ऐसे भी हैं, जो पार्टी के सर्वमान्य नेता बेंजामिन नेतन्याहू की पसंद से भरे जाएंगे। इसके लिए दो प्रमुख दावेदार पहले से तय माने जा रहे हैं- अमिचाई चिकली और इदित सिल्मन। दोनों पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट की यामीना पार्टी में थे। इनके बागी होने से गठबंधन सरकार गिर गई और चुनाव की नौबत आ गई।

22 जून को संसद में नेतन्याहू। उन्होंने पिछले दिनों एक इंटरव्यू में कहा था- बेनेट सरकार इजराइल के इतिहास की सबसे घटिया और कमजोर सरकार थी।



22 जून को संसद में नेतन्याहू। उन्होंने पिछले दिनों एक इंटरव्यू में कहा था- बेनेट सरकार इजराइल के इतिहास की सबसे घटिया और कमजोर सरकार थी।

लिकुड प्राइमरी के लिए नेतन्याहू को लड़ने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे पार्टी के सर्वमान्य नेता हैं। बीते कुछ सालों में नेतन्याहू ने लिकुड पार्टी पर अपना नियंत्रण मजबूत किया है। उन्होंने अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को आंतरिक चुनावों में हराकर या उन्हें राजनयिक नियुक्तियों पर भेजकर या पार्टी से बाहर कर खुद को शक्तिशाली नेता के तौर पर स्थापित किया है।

**नेतन्याहू की शक्ति उनकी चुनावी सफलता का परिणाम**

व्यक्तिगत दानदाताओं के एक छोटे समूह के दम पर नेतन्याहू स्वतंत्र राजनीतिक अभियान चलाने में सक्षम हैं। उनके संबंध अरबपति एडेलसन परिवार से हैं। कट्टर ऑनलाइन समर्थकों का समूह उनके विरोधियों को परेशान करता है, लेकिन लिकुड के अंदर नेतन्याहू की शक्ति का एक बड़ा हिस्सा उनकी चुनावी सफलता का परिणाम है।

उन्होंने खुद को एक 'रहस्यमय जादूगर' के रूप में विकसित किया, जो किसी भी स्थिति को अपने पक्ष में बदलने में सक्षम है।

कुल मिलाकर इजराइल का चुनाव नेतन्याहू के पक्ष और विपक्ष का चुनाव बन गया है। नेतन्याहू के लिए कुछ परेशानियां हैं। उनके खिलाफ धोखाधड़ी, घूस लेने जैसे आरोपों पर केस चल रहे हैं। आरोप है कि सिगार और शैंपेन जैसी चीजों को घूस के तौर पर लिया और खबर प्रकाशित करने के एवज में मीडिया के लोगों को राजनीतिक लाभ दिया।

## चीन की अमेरिका को खुली धमकी- पेलोसी लड़ाकू विमानों के साथ ताइवान में घुसीं तो होगा बुरा अंजाम

**बीजिंग।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव की स्पीकर नैंसी पेलोसी की संभावित ताइवान यात्रा ने चीन और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ा दिया है। पेलोसी शुक्रवार को ताइवान की यात्रा कर सकती है जिसे लेकर चीन भड़का हुआ है और खुली धमकियों पर उतर आया है। चीन ने कहा है कि अगर स्पीकर के साथ अमेरिकी सेना के फाइटर जेट ताइवान में घुसते हैं तो वे उन्हें मार गिराने में कोई संकोच नहीं करेंगे। गुरुवार को अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों ने फोन पर लंबी बात की थी जिसने तनाव को कम करने के बजाय और बढ़ा दिया था। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के कमेंटेटर हू ज़िजिन ने ट्विटर पर लिखा, अगर अमेरिकी सेना के लड़ाकू विमान ताइवान में पेलोसी के प्लेन को एस्कॉर्ट करते हैं तो यह आक्रमण होगा। पीएलए को चेतावनी के रूप में गोलीबारी करके या दूसरे तरीकों से पेलोसी के प्लेन और अमेरिकी लड़ाकू विमानों को बलपूर्वक रोकने का अधिकार है। अगर ये प्रभावी नहीं होता है तो उन्हें मार गिरा दें। इससे पहले चीन ने अमेरिका को रेड लाइन पार न करने की चेतावनी दी थी।



इससे पहले बाइडेन और जिनपिंग के बीच गुरुवार को फोन पर 2 घंटे 17 मिनट तक बातचीत हुई। बाइडेन ने जिनपिंग से कहा कि ताइवान को लेकर अमेरिका की नीतियों में बदलाव नहीं आया है। वहीं जिनपिंग ने न सिर्फ बाइडन को खूब सुनाया बल्कि बातचीत के बाद एक लंबा-चौड़ा बयान भी जारी किया जिसमें चीन का लहजा धमकीभरा था। जिनपिंग ने कहा, आग से खेलने वाले जल जाते हैं। उम्मीद है कि अमेरिका इस पर स्पष्ट नजर रखेगा। अमेरिका को एक-चीन सिद्धांत का सम्मान करना चाहिए और इसे अपने बयान और कार्य दोनों में लागू करना चाहिए। बयान में चीन ने ताइवान जलक्षेत्र पर अपना दावा किया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिन ने शुक्रवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि अगर पेलोसी ताइवान आती हैं तो अमेरिका को इसके नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। वहीं पेंटागन के प्रेस सचिव जॉन किर्बी ने कहा कि हमें किसी तरह का सैन्य खतरा नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास इस बात के पुख्ता सबूत नहीं हैं कि चीन की ओर से सैन्य दृष्टिकोण से कुछ पक रहा है।

हालांकि किर्बी ने इसकी पुष्टि नहीं की कि पेलोसी अपनी एशिया यात्रा के दौरान ताइवान जाएंगी या नहीं, जिसमें वह जापान, साउथ कोरिया, मलेशिया और सिंगापुर की यात्रा करेंगी। शुक्रवार को ताइवान की संभावित यात्रा को लेकर एक सवाल के जवाब में पेलोसी ने सिर्फ कहा, मैं अपनी यात्रा के बारे में बात नहीं करूंगी क्योंकि यह सुरक्षा मुद्दे से जुड़ा है। लेकिन उनके ताइवान जाने की संभावनाओं ने तनाव को बढ़ा दिया है। चीनी नौसेना साउथ चाइना सी में यूएसएस रोनाल्ड रीगन एयरक्राफ्ट कैरियर की गतिविधियों की निगरानी कर रही है।

## सऊदी सिस्टर्स की मर्डर मिस्ट्री में उलझी ऑस्ट्रेलियाई पुलिसःदो महीने बाद भी कत्ल का कोई सुराग नहीं, अब एफबीआई करेगी मदद

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में सऊदी अरब की दो लड़कियों का कत्ल पुलिस के लिए भी रहस्य साबित हो रहा है। करीब दो महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस यह पता लगाने में नाकाम है कि यह कत्ल है या खुदकुशी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऑस्ट्रेलियाई पुलिस अब इस मामले की जांच में अमेरिकी खुफिया एजेंसी FBI की मदद लेने जा रही है।

असरा अब्दुल्ला (23) और उनकी सगी बहन अल्सेहिली अब्दुल्ला (24) के शव जून की शुरुआत में उनके अपार्टमेंट में अलग-अलग बेडरूम्स में मिले थे। दोनों बहनें 2017 में सऊदी अरब से भागकर ऑस्ट्रेलिया आईं थीं।

**एक महीने तक घटना का पता ही नहीं लगा**

'न्यूयॉर्क टाइम्स' के मुताबिक, जून के पहले हफ्ते में दोनों बहनों की लाशें सिडनी में उनके अपार्टमेंट में मिली थीं। अब तक की जांच के मुताबिक, शवों की हालत और ऑटोप्सी रिपोर्ट से पता लगता है कि दोनों की मौत मई में हुई होगी।



दोनों के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे। पुलिस ने जब घर की बारीकी से जांच की तो उसमें भी ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे लगता हो कि कोई बाहरी शख्स वहां आया था। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी लंबी और कई बार पूछताछ की। इसमें भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा। दोनों लड़कियां 2017 से सिडनी के एक ही अपार्टमेंट में रह रहीं थीं। पड़ोसी भी कोई खास बात नहीं बता सके।

**मौत की जानकारी मिलना भी इत्तेफाक**

सिडनी पुलिस का कहना है कि लड़कियों के मकान मालिक ने किराए के लिए उन्हें फोन किया। कई बार फोन करने के बाद भी जब कॉल रिसीव नहीं हुई तो उन्होंने पुलिस को फोन किया। पुलिस पहुंची तो दो अलग-अलग कमरों में दोनों बहनों के शव मिले। इन दोनों लड़कियों का कोई परिचित या फैमिली मेंबर भी ऑस्ट्रेलिया में नहीं है। मई के पहले हफ्ते में पुलिस ने उनसे वेलफेयर प्रोग्राम के तहत मुलाकात की थी।

## मेडागास्कर में भारतीय प्रवासी केंद्र का उद्घाटन

एंटानानारिवो (मेडागास्कर)। पूर्वी अफ्रीका के देश मेडागास्कर के विदेश मंत्री रिचर्ड रंड्रियामंदरातो ने एंटानानारिवो में शुक्रवार को भारतीय प्रवासी केंद्र 'इंडियन ढो' का उद्घाटन किया। यह केंद्र भारतीय प्रवासियों की मेडागास्कर यात्रा और उनके संघर्षों, उपलब्धियों और योगदान को दशार्ता है। मेडागास्कर स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि इस मौके पर भारतीय प्रवासी, राजदूत और राजनयिक कोर के सदस्य के अलावा हस्तशिल्प मंत्री सोफी रत्सिरका और सरकार के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## रूस समर्थित अलगाववादियों का दावा, यूक्रेन ने मारे 53 युद्धबंदी

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को पांच माह से अधिक हो गए हैं। दोनों देशों को इस युद्ध में खासी जनहानि का सामना भी करना पड़ा है। इस बीच रूस समर्थित अलगाववादियों ने दावा किया है कि यूक्रेन के हमले में यूक्रेन के ही 53 युद्धबंदी मारे गए हैं। यूक्रेन ने युद्धबंदियों के मारे जाने की जांच संयुक्त राष्ट्र संघ व रेड क्रॉस से कराने की बात कही है।

पूर्वी यूक्रेन में रूस समर्थित अलगववादियों ने कहा है कि मैरियूपोल पर कब्जे की जंग के दौरान बड़ी संख्या में लोग बंधक बनाए गए थे। इनमें से 53 युद्धबंदी यूक्रेन की गोलीबारी में मारे गए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल इगोर कोनाशेंकोव ने भी कहा कि रूसी नियत्रंण वाले दोनेस्क क्षेत्र में ओलेनिवका कस्बे की एक जेल पर यूक्रेन की ओर से रॉकेट दागे गए, जिसमें 75 यूक्रेनी युद्धबंदी घायल हुए। इससे क्षेत्र में तनाव है। कोनाशेंकोव ने दावा किया कि यूक्रेनी सैनिकों को आत्मसमर्पण करने से हतोत्साहित करने के लिए ये हमला किया गया। जेल पर हुए हमले में आठ सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं। इससे पहले दोनेस्क क्षेत्र में रूस समर्थित अलगाववादियों के प्रवक्ता दानिल बेजसोनोव ने जेल पर हुए रॉकेट हमले में 40 यूक्रेनी युद्धबंदियों के मारे जाने की जानकारी दी थी। यूक्रेन ने मांग की है कि युद्धबंदियों के मारे जाने की जांच संयुक्त राष्ट्र संघ व रेड क्रॉस से कराई जानी चाहिए। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस घटनाक्रम को रूसी युद्ध अपराध करार दिया है। इस बीच दोनेस्क क्षेत्र में यूक्रेनी प्रशासन ने कहा कि रूसी सेना यूक्रेन के नियंत्रण वाले इलाकों में आम जनता को निशाना बना रही है। युद्ध तेज होने का हवाला देकर दोनेस्क के गवर्नर पाव्लो किरिलेंकों ने आम लोगों को जल्द से जल्द क्षेत्र से हटने का अनुरोध किया है।

## यूएन में भारत ने पर्यावरण प्रस्ताव के पक्ष में दी वोट, प्रपोजल के पैराग्राफ-1 से खुद को किया अलग

**संयुक्त राष्ट्रः** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है, जो स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता देता है। हालांकि, भारत ने इसके एक पैराग्राफ से खुद को अलग कर लिया और प्रस्ताव की प्रक्रिया तथा सार पर चिंताएं व्यक्त कीं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 193 सदस्यों देशों में से 161 के मतों के साथ प्रस्ताव को पारित किया। वहीं, बेलारूस, कंबोडिया, चीन, इथियोपिया, ईरान, किर्गिस्तान, रूस और सीरिया मतदान के समय मौजूद नहीं थे।

भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया, लेकिन साथ ही इसकी प्रक्रिया और इसके सार पर चिंताएं व्यक्त कीं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर आशीष शर्मा ने मत पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि प्रस्ताव '' स्वच्छ, स्वस्थ और




चिरस्थायी पर्यावरण के अधिकार को एक मानवाधिकार के रूप में मान्यता देता है '' और '' पुष्टि करता है कि स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता देने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानून के सिद्धांतों के तहत बहुपक्षीय पर्यावरण समझौतों के पूर्ण क्रियान्वयन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''भारत बेहतर पर्यावरण के लिए किसी भी प्रयास का समर्थन करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इसी संदर्भ में भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। शर्मा ने कहा, '' हालांकि, हमारी चिंताएं अब भी कायम हैं इसलिए, हम प्रस्ताव के परिचालन संबंधी पैराग्राफ-1 से खुद को अलग करने को बाध्य हैं। प्रस्ताव के परिचालन संबंधी पैराग्राफ-1 के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) '' एक मानवाधिकार के रूप में स्वच्छ, स्वस्थ और चिरस्थायी पर्यावरण के अधिकार को मान्यता देती है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस बयान को बैठक में आधिकारिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि यूएनजीए का प्रस्ताव कोई बाध्यकारी दायित्व निर्धारित नहीं करता और सदस्य देशों को केवल सम्मेलनों तथा संधियों के माध्यम से इसे पूरा करने के लिए बाध्य बनाता है।

शर्मा ने कहा, '' 'स्वच्छ', 'स्वस्थ और ' चिरस्थायीशब्दों की कोई स्पष्ट समझ एवं ऐसी परिभाषा नहीं है, जिस पर सभी सहमत हों। वर्तमान में, सभी ने अपनी समझ से इनकी परिभाषाएं गढ़ रखी हैं और इस प्रकार वर्तमान प्रस्ताव में घोषित मान्यता का उद्देश्य इससे कमजोर पड़ता है।

उन्होंने खेद व्यक्त किया कि प्रस्ताव के पाठ में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानून में समानता के मूलभूत सिद्धांत का भी ''स्पष्ट संदर्भ नहीं है।

## अमेरिकी सांसदों की मांग, संयुक्त राष्ट्र से बाहर किया जाए अफगानिस्तान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष सहित चार अमेरिकी सांसदों ने अफगानिस्तान को संयुक्त राष्ट्र संघ से बाहर करने की मांग की है। इन लोगों ने अफगानिस्तान पर लगातार मानवाधिकार हनन का आरोप लगाया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी सीनेट की विदेश सम्बंध समिति के अध्यक्ष रॉबर्ट मेनेंडेज व उनके सहयोगी सांसदों जेम्स ई. रिस्क, जीन शाहीन और जॉनी के. अर्न्स्ट ने संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को पत्र लिखकर तालिबान के नेतृत्व में लगातार बढ़ रहे मानवाधिकारों के हनन पर चिंता जताई है। इन लोगों ने संयुक्त राष्ट्र संघ से कहा है कि तालिबान और अफगानिस्तान को संयुक्त राष्ट्र की हर सीट से बाहर किया जाए। चारों सांसदों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ को अफगानिस्तान में मानवाधिकार की रक्षा में सार्थक कार्रवाई करना चाहिए।

उन्होंने मांग की है कि तालिबान को संयुक्त राष्ट्र संघ में अफगानिस्तान के लिए राजनयिक प्रतिनिधित्व निर्धारित करने के लिए होने वाली क्रेडेंशियल्स समिति की इस सितंबर में होने जा रही बैठक में एक भी सीट न दी जाए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के पास यह सार्थक कार्रवाई का एक मौका है। इसके माध्यम से दुनिया को यह संदेश जाएगा कि यदि तालिबान अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों को मिटाना चाहता है, तो संयुक्त राष्ट्र संघ उसके साथ नहीं खड़ा होगा।